दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 330 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर । शुक्रवार, 03 अक्टूबर 2025 । आश्विन, शुक्ल पक्ष, एकादशी संवत् - 2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan



# कोटा में सबसे बड़े रावण का दहन, हाथी हुआ बेकाबू

## जयपुर में चलती गाड़ी में जला पुतला, श्रीगंगानगर में युवक पर गिरा जलता कुंभकरण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा।** कोटा में गुरुवार को देश के सबसे बड़े 221 फीट के रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान सीएम भजनलाल शर्मा और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला समेत कई मंत्री और विधायक मौजूद रहे।एक दिन पहले भीगने के कारण रावण का पुतला पूरी तरह जल नहीं पाया। मेघनाद का पुतला जल रहा था। इसी दौरान एक हाथी बेकाबू हो गया। इससे अफरा-तफरी मच गई। समय रहते हाथी को काबू में कर लिया गया।

वहीं जयपुर जिले के शाहपुरा में रावण का पुतला गाड़ी पर रखकर दशहरा मैदान में ले जाया जा रहा था। अचानक चलती गाड़ी में बीच सड़क रावण जलने लगा। गाड़ी का ड्राइवर भी कूद कर भाग गया। इसके बाद भगदड़ मच गई, लोग इधर-उधर भागने लगे। जयपुर के आदर्श नगर में बारिश के कारण पुतले भीग गए, ऐसे में पेट्रोल डालकर दहन करने की कोशिश की जा रही थी, इसी दौरान अचानक रावण का पुतला जमीन पर गिर गया। रावण के गिरते ही बगल में खड़ा कुंभकरण का पुतला भी गिर गया। श्रीगंगानगर के सूरतगढ़ में दशहरा उत्सव के दौरान कुंभकरण का जलता पुतला एक युवक पर गिर गया। हादसे में युवक लक्ष्मण राठौड़ घायल हो गया। वहीं डीग में रावण दहन के दौरान भीड़ पटाखा गिरने से 6 लोग झुलस गए। जयपुर के विद्याधर नगर में बारिश के कारण समय से पहले रावण दहन किया गया। जोधपुर में 70 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। श्रीगंगानगर में रावण के साथ कुंभकर्ण का पुतला जलाया गया। उदयपुर में हनुमानजी ने रावण के सोने की लंका को पलभर में जला दिया।

### जयपुर में चलती गाड़ी में जलने लगा रावण

जयपुर जिले के शाहपुरा में रावण का पुतला गाड़ी पर रखकर दशहरा मैदान में ले जाया जा रहा था। अचानक चलती गाड़ी में बीच सड़क जलने लगा। गाड़ी का ड्राइवर भी कूद कर भाग गया। इससे भगदड़ मच गई, गाड़ी के आगे-पीछे चल रहे लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। मौके पर मौजूद फायर ब्रिगेड की टीम ने तुरंत आग बुझा दी। जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। बताया जा रहा है कि किसी पटाखे की चिंगारी से रावण के पुतले में आग लगी थी।

### कोटा में मेघनाद दहन के दौरान हाथी हुआ बेकाबू

कोटा में जैसे ही मेघनाथ के पुतले में आग लगी। पास खड़ा एक हाथी बेकाबू हो गया। जिसे देखकर लोग इधर-उधर भागने लगे। हालांकि महावत ने उसे तुरंत काबू कर लिया। इस दौरान बैरिकेडिंग टूट गई। पुलिस भी मौके पर पहुंची। जोधपुर के भोपालगढ़ में रावण दहन के दौरान भीड़ में सांड घुस गया। जिससे अफरा-तफरी मच गई।

### उदयपुरवाटी में रावण का पुतला जलाते समय युवक झुलसा

उदयपुरवाटी में रावण का पुतला जलाते समय एक युवक झुलस गया। घायल युवक महेश (34) को गंभीर हालत में सीकर रेफर कर दिया गया है। दरअसल बारिश के चलते पुतला गीला हो गया था। ऐसे में जलाने के लिए उस पर बारूद फेंका गया। इसके चलते रावण बनाने वाला कारीगर झुलस गया।

## एमपी के खंडवा में ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिरी, 11 की मौत



बढ़ता राजस्थान

भोपाल। मध्य प्रदेश के खंडवा में दुर्गाप्रतिमा विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिर गई। हादसे में 8 बच्चियों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। इनमें 7 साल के बच्चे से लेकर 25 साल तक के युवा हैं। तीन गंभीर घायलों का इलाज खंडवा जिला अस्पताल में चल रहा है। ट्रैक्टर सवार 35 से 40 आदिवासी बच्चे-युवा और महिला-पुरुष पानी में डूबे थे। इनमें से करीब 10 लोग तैरकर बाहर आ गए। बाकी को ग्रामीण और रेस्क्यू टीम ने बाहर निकाला। ट्रैक्टर ड्राइवर दीपक किराड़े फरार है। पुलिस के मुताबिक घटना खंडवा में पंधाना के जामली गांव में हुई। गुरुवार शाम करीब साढ़े 3 बजे राजगढ़ गांव के पाडला फाटा फलिया से लोग देवी प्रतिमा विसर्जन के लिए ट्रैक्टर-ट्रॉली अर्दला तालाब पहुंचे थे। ट्रैक्टर तालाब किनारे पहुंचते ही पलट गया। उसमें सवार सभी लोग पानी में जा गिरे। उन्हें बचाने के लिए 10-15 लोगों ने तालाब में छलांग लगा दी। शाम करीब साढ़े 5 बजे पुलिस-प्रशासन की टीम ने जेसीबी से रेस्क्यू शुरू किया। खंडवा कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि रेस्क्यू ऑपरेशन रात साढ़े आठ बजे तक चला। पंधाना के सिविल सर्जन अनिरुद्ध कौशल ने बताया कि खंडवा से डॉक्टरों की टीम बुलाकर सभी शवों का रात में ही पीएम भी किया गया। प्रत्यक्षदर्शी प्रदीप जगधन्ने ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली जहां गिरी, वहां करीब 50 फीट पानी होगा। हादसे के बाद 9 लोगों को हम लोगों ने बाहर निकाला। इनको पंधाना अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने 3 खंडवा रैफर कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी करण ने बताया कि रास्ते में विसर्जन के लिए कोई बेहतर स्थान नहीं मिला, तो लोग हमारे जामली गांव आए। यहां बैकवाटर में मूर्ति विसर्जन के लिए जाने लगे। बैकवाटर के नजदीक पहुंचे ही थे कि ट्रैक्टर संतुलन खो बैठा और पहले ट्रॉली पलटी, फिर ट्रैक्टर भी उसके ऊपर पलट गया। जो लोग ट्रॉली बैठे थे, वे पानी में उसके नीचे दब गए।

## RSS प्रमुख भागवत बोले- निर्भरता मजबूरी न बने

### पहलगाम हमले से दोस्त-दुश्मनों का पता चला, सुरक्षा के लिए सतर्क और ताकतवर बनना होगा

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा, 'पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की। हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया। इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला।'

उन्होंने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय संबंधों में समझ रखनी होगी। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा। RSS प्रमुख ने यह बात गुरुवार को नागपुर में विजयादशमी पर संगठन के शताब्दी समारोह में कही। उन्होंने 41 मिनट के भाषण में समाज में आ रहे बदलाव, सरकारों का रवैया, लोगों में बेचैनी, पड़ोसी देशों में उथल-पुथल, अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया। इससे पहले भागवत ने RSS के संस्थापक डॉ हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी। शस्त्र पूजन किया। इस कार्यक्रम में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. रामनाथ कोविंद मुख्य अतिथि थे। आज पूरी दुनिया में अराजकता का माहौल है। ऐसे समय में पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। आशा की किरण ये है कि देश की युवा पीढ़ी में अपने देश और संस्कृति के प्रति प्रेम बढ़ा है। समाज खुद को सक्षम महसूस करता है और सरकार की पहल से खुद ही समस्याओं का निदान करने की कोशिश कर रहा है। बुद्धिजीवियों में भी अपने देश की भलाई के लिए चिंतन बढ़ रहा है।' अमेरिका ने जो नई टैरिफ नीति अपनाई उसकी मार सभी पर पड़ रही है। इसलिए दुनिया में आपसी संबंध बनाने पड़ते हैं।

## भारत-चीन के बीच 26 अक्टूबर से डायरेक्ट फ्लाइट

**नई दिल्ली।** भारत और चीन के बीच डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने पर फिर से सहमति बन गई है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को प्रेस रिलीज जारी कर इसका ऐलान किया। इसके कुछ ही देर बाद एयरलाइन इंडिगो ने 26 अक्टूबर से दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें फिर से शुरू करने का ऐलान किया।कोलकाता से ग्वांगझू के लिए रोजाना नॉन-स्टॉप उड़ानें चलेंगी। एयरलाइन ने यह भी बताया कि जल्द ही दिल्ली और ग्वांगझू के बीच भी सीधी उड़ानें शुरू की जाएंगी। इन उड़ानों के लिए इंडिगो अपने एयरबस A320neo विमान का इस्तेमाल करेगी। वहीं, एअर इंडिया ने भी इस साल के आखिर तक भारत-चीन डायरेक्ट फ्लाइट शुरू करने की बात कही है। भारत-चीन के बीच 2020 में कोरोना महामारी की वजह से यह सर्विस बंद की गई थी। इसके बाद गलवान झड़प की वजह से दोनों देशों के रिश्ते खराब हो गए थे।

## राजनाथ ने L-70 एयर डिफेंस गन की पूजा की

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दशहरे पर भुज में एक मिलिट्री बेस का दौरा किया। यहां L-70 गन डिफेंस सिस्टम समेत शस्त्र पूजा से पहले सैनिकों को संबोधित किया। इस गन का इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर में किया गया था। L-70 गन एक मिनट में 300 गोले दागती है। 3,500 मीटर तक टारगेट कर सकती है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराने में L-70 सिस्टम ने अहम भूमिका निभाई थी। इस दौरान राजनाथ सिंह ने सर क्रीक इलाके में सीमा विवाद को लेकर पाकिस्तान को चेतावनी दी। रक्षा मंत्री ने कहा- आजादी के 78 साल बाद भी सर क्रीक में सीमा को लेकर विवाद खड़ा किया जाता है। भारत ने कई बार बातचीत के जरिए इसे सुलझाने की कोशिश की है, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में खोट है, उसकी नीयत साफ नहीं है। रक्षा मंत्री ने कहा- जिस तरह से हाल में पाकिस्तान ने सर क्रीक से सटे इलाकों में अपना मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाया है, वह उसकी नीयत बताता है। अगर सर क्रीक क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से कोई हिमाकत की गई, तो उसे ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएंगे।



# दशानन के मान का हुआ मर्दन, बजा सत्य का डंका, जली पाप की लंका

## रावण वध की लीला का मंचन, 51 फिट ऊंचे पूतले का हुआ दहन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा(सुशील कुमार बंसल)।** अपने पूरे परिवार के रणभूमि में भगवान श्रीराम व लक्ष्मण के हाथों मारे जाने के बाद लंकापति दशानन रावण स्वयं रणभूमि में उतर आया। इतने योद्धाओं का वध होने के बावजुद भी उसे इस बात का आभास नहीं हुआ कि राम स्वयं नारायण के अवतार है। राम व रावण में भीषण संग्राम होता है। वह अट्टाहास करता हुआ अस्त्र पर अस्त्र चला रहा था। तभी प्रभु श्रीराम अपने तीर से रावण का सिर धड़ से अलग कर देते हैं, पर ये क्या उसका एक नया सिर धड़ पर आ जाता है। तब विभीषण प्रभु श्रीराम को बताते है कि रावण की नाभि में अमृत कलश है, उसे देवताओं द्वारा बताये गये समय पर निशाना बनाईयें। तभी प्रभु श्रीराम रावण की नाभि पर ब्रह्मास्त्र चलाते है। जिस पर तीनों लोकों के स्वामी होने का दम्भ भरने वाला लंकापति रावण धरती पर आ गिरता है। आखिरकार विनाशकाले विपरित बुद्धि की कहावत



चरितार्थ हो जाती है। रावण श्रीराम के नाम का उद्घोष कर अपने प्राण त्याग देता है। उक्त संवादों का मंचन श्री आदर्श रामलीला मंडल प्रागपुरा द्वारा दशहरे के उपलक्ष्य में गुरूवार को रामलीला के अन्तिम दिन हुआ। इससे



पूर्व रामलीला मैदान परिसर से राम व रावण की सेनायें प्रागपुरा कस्बे के इंडोर स्टेडियम स्थित दशहरा स्थल पहुँची। भगवान राम की सेना का मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भामाशाह व उद्योगपति संतोष बंसल द्वारा श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान जी का तिलक किया गया। रावण दहन में कस्बे के श्रीकृष्ण गौशाला स्थित गोपीनाथ मंदिर, गोपाल दास मंदिर, चिंताहरण मंदिर, सत्यनारायण मंदिर, चतुर्भुज मंदिर, सीताराम मंदिर से भगवान के डोले पहुँचे। इस दौरान रावण के 51 फिट ऊँचे पूतले का दहन करते ही दशहरा स्थल जय श्रीराम के नारों से गुंज उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने डोलों के नीचे से निकलकर भगवान का आर्शीवाद लिया। इस दौरान रावण-अंगद संवाद, रावण द्वारा लक्ष्मण को ज्ञान दिये जाने की लीला का मंचन भी किया गया। प्रागपुरा थाना प्रभारी दयाराम मय जाप्ते कार्यक्रम की नि हरा करते रहे। शुक्रवार को प्रभु श्रीराम के अयोध्या लौटने पर राजतिलक की लीला का मंचन किया जायेगा। इस दौरान समाजसेवी राजेश गोयल, अंजनी शर्मा, राजेन्द्र सोनी, श्याम सुंदर शर्मा, अमित बंसल, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, राजेन्द्र जांगिड़, छाजूराम जाट, पप्पू स्वामी, इन्द्रराज जांगिड़, नरेश स्वामी, रोहिताश सैनी, अरूण शर्मा, नितिन बंसल, मन्नालाल सैनी, महेश शर्मा, उमेश पाराशर, सौरभ शर्मा, कालू ज्योतिषी, पूर्व वार्ड पंच राजेन्द्र स्वामी, सत्यनारायण शर्मा, विष्णु पारीक समेत अन्य मौजूद रहे।

## आशापुरा टेकरी पर गरबा नृत्य, 1500 मातृशक्ति का सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही(नि.स.)।** नवरात्र महोत्सव के अंतिम दिन शहर के आशापुरा टेकरी पर ट्रस्ट की ओर से 1500 मातृशक्ति को सम्मानित किया गया। इस दौरान युवतियों ने गरबा नृत्य भी किया। महोत्सव के दौरान भामाशाहों की ओर से पुरस्कार वितरण किया गया। इस दाँरान देर रात तक डांडिया रास भी चलता रहा। आशापुरा टेकरी ट्रस्ट के सहसचिव प्रकाश बी माली ने बताया कि समारोह में प्रतिदिन नृत्य करने वाली युवतियों को पुरस्कृत किया गया। एएसपी किशोरसिंह, प्रभुदयाल धानिया, एसडीएम हरिसिंह देवल, सीएमएचओ डॉ.दिनेशकुमार खराड़ी, शांतिलाल माली, कानाराम माली, अध्यक्ष छोगाराम माली, कोषाध्यक्ष गोमाराम माली, सचिव चंद्रप्रकाश दवे समेत कई लोग मौजूद रहे।

## विधायक अनीता जाटव के कार्यालय पर महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** विधायक अनीता जाटव के नेतृत्व में हिंडौन निज निवास स्थित कार्यालय पर सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ में महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष्य में उनकी चित्रपट पर पुष्प अर्पित कर किया, इस दौरान विधायक अनीता जाटव ने क्षेत्र के सर्वसमाज लोगों से अपील कि हमको हमेशा सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना चाहिए, और कहा कि जहां प्रेम है वहां जीवन है, इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश मामू, ब्रजकिशोर शर्मा, तारा बैंसला,इंद्राज जाटव अमर सिंह फैजान, दलवीर सरपंच, ब्रह्म सिंह भदोला, जीतू पहलवान, पिंटू चौधरी, फूल सिंह गुरुजी, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव रघुराज सहित सर्व समाज के लोग उपस्थित रहे.।

## फतेहसिंह पुरा श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर नवरात्रा संपूर्ण होने पर किया भंडारे प्रसादी का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सूरौठ -तहसील क्षेत्र में कई घरों व मंदिरों में भक्तजनों द्वारा हनुमान जी व देवी मां के नवरात्रा संपूर्ण होने पर फतेहसिंह पुरा रेल्वे स्टेशन पर श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर चल रही अखण्ड रामायण पाठ संपूर्ण होने पर विधि विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चार से हवन संपूर्ण करवाया गया भक्त मीठालाल मीना, रिपूधन मीना, राजेश मीना नरसी प्रजापत,रिंकू मीना व राजीव मीणा रजनीश मीना ने बताया कि नौवी व दशवी कों कन्या भोजन करवाया गया, जिसमें संकटमोचन हनुमान मंदिर पर गुरूवार को कन्या भोजन करवाया गया,सर्वप्रथम तैयार हो जाने के उपरांत हनुमान जी भोग लगाने के बाद कन्या भोजन करवाया गया व सभी भक्तजनों कों पंगत पर बैठाकर खीर पूआ कि प्रसादी जीमी सर्वप्रथम भक्तजनों ने कन्याओं के पैर धोकर व चंदन तिलक लगाकर भोजन प्रसादी ग्रहण करवाई गई व सभी भक्तजनों ने चरण स्पर्श कर लिया आशीर्वाद इस मौके पर कई भक्त गण उपस्थित रहे।

## दशानन का दंभ हुआ चूर-चूर,धू धू कर जला 50 फीट का लंकेश



बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा (नि.स.) ।** स्थानीय रेलवे रामलीला मैदान में गुरुवार को रेलवे रामलीला कमेटी के तत्वावधान में विशाल दशहरा मेला महोत्सव आयोजित हुआ। जिसमें आसपास के गांवों के हजारों की संख्या में लोगों ने अहंकारी रावण के पुतले के अंत को देखा। जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक हैं। इससे पूर्व सांय 4 बजे कुकू बाबा की बगीची से काली भैरु की सवारी निकाली गई। जो हलवाई बाजार,गणगौरी बाजार,गांधी चौक,अम्बेडकर सर्किल होते हुए रामलीला मैदान पहुंची। इस दौरान रास्ते में रामदेव मन्दिर के पास पूर्व विधायक निर्मल कुमावत,नगर भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रणव अग्रवाल,पालिका नेता प्रतिपक्ष संजय पारीक,विनोद अरोड़ा, सुरेश सैनी,पार्षद सरदार सिंह चौधरी,गोविंद सिंह बड़ गुजर,संजीव गुप्ता,दैनिक रेलयात्री महासंघ अध्यक्ष विष्णु कयाल ने सवारी का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इसी प्रकार गांधी चौक में राजकुमार सांखला,कमल शेखावत सहित अन्य लोग स्वागत किया।

## गांधी व शास्त्री के जीवन से हमे शांति और देशभक्ति की प्रेरणा लेनी चाहिए :उत्सव कौशल

बढ़ता राजस्थान

**डीग(नि.स.)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित किशन लाल जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डीग में कार्यक्रम में जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने दोनों महापुरुषों के चित्रों पर सूत की माला अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके जीवन आदर्शों को आत्मसात करने पर बल दिया। जिला कलेक्टर उत्सव कौशल ने कहा, महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री का जीवन हमें सादगी, सत्यनिष्ठा और देश सेवा की प्रेरणा देता है।



# जनता के साथ धोखा है जल-जीवन को खतरे में डालने वाला खनन

## चार पंचायतों का एकमत निर्णय, खनन परियोजना का विरोध

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही (नि.स.)।** पिण्डवाड़ा तहसील क्षेत्र में प्रस्तावित लाइम स्टोन खनन परियोजना को लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश जताया। चार पंचायतों के लोग एकजुट हुए तथा इस स्वीकृति को निरस्त किए जाने की मांग रखी। ग्रामीणों का कहना रहा कि आदिवासी क्षेत्र में जल-जीवन को खतरे में डालने वाली यह परियोजना जनता के साथ धोखा है। वाटेरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के थंब बावसी मंदिर परिसर में ग्रामीण दो दिनों से आंदोलनरत है। इसमें वाटेरा, भीमाना, भारजा व रोहिड़ा पंचायत के ग्रामीणों ने नारेबाजी की। साथ ही इस खनन परियोजना को स्वीकार नहीं करने की हूंकार भरी। ग्रामीणों ने बताया कि रविवार को भीमाना गांव में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस सम्बंध में बुधवार रात करीब बैठक आयोजित कर आगामी रूपरेखा पर चर्चा की गई। उधर, ग्राम सभाओं में भी खनन योजना का विरोध करते हुए प्रस्ताव लिए गए हैं। ग्रामीणों ने स्पष्ट रूप से चेताया कि इस परियोजना को निरस्त नहीं किया गया तो आंदोलन तेज किया जाएगा।



### बिगड़ेगा अरावली का प्राकृतिक स्वरूप

ग्रामीणों ने बताया कि यह क्षेत्र अरावली पर्वतमाला का महत्वपूर्ण हिस्सा है तथा खनन से इसका प्राकृतिक स्वरूप बिगड़ जाएगा। खनन से पर्यावरणीय असंतुलन, भूजल स्तर में गिरावट, खेती योग्य जमीन का बंजर होना व वायु प्रदूषण जैसी गंभीर समस्याएं सामने आएगी। धूल व प्रदूषण से सिलिकोसिस जैसी जानलेवा बीमारियों का

### राजनीति संरक्षण के कारण अंदरखाने प्रक्रिया

बताया जा रहा है कि राजनीतिक संरक्षण के कारण अंदरखाने ही सारी प्रक्रिया निपटाई जा रही है। ऐसे में जनसुनवाई भी बंद कमरे में करने की योजना थी, लेकिन ग्रामीणों को ऐनवक्त पर भनक लग गई।

## अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन का 5 अक्टूबर को उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**डीग(नि.स.)।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शिक्षक महासंघ का 9 वां त्रिवार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 अक्टूबर तक केशव विद्यापीठ जामडोली जयपुर में आयोजित होगा जिसमें राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला डीग से पांच सदस्य प्रतिनिधिमंडल भाग लेगा। जिला मंत्री देवेन्द्र यादव ने बताया कि इस तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में देश भर के 29 राज्यों से लगभग 3200 शिक्षक प्रतिनिधि भाग लेंगे । यह अधिवेशन शिक्षक राष्ट्र के लिए विषय पर केंद्रित रहेगा जिसमें वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा की दिशा और दशा, राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन पर विचार विमर्श किया जाएगा। इस अवसर पर आचार्य महामण्डलेश्वर जूना पीठाधीश्वर पूज्यपाद स्वामी अवधेशानन्द गिरी महाराज एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व सहसरकार्यवाह सुरेश सोनी उपमुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर अनेक विश्वविद्यालयों के कुलपति और देश के प्रमुख शिक्षाविद उपस्थित रहेंगे राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय डीग के जिलाध्यक्ष अनिल सीही ने बताया कि अधिवेशन के दूसरे दिन 6 अक्टूबर को तीन शिक्षको को अखिल भारतीय शिक्षा भूषण शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया जाएगा । सम्मानित शिक्षकों को एक लाख रुपये की नकद राशि, चांदी की प्लेट और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रो भगवती प्रकाश शर्मा राजस्थान, प्रो सुषमा यादव दिल्ली तथा श्री वी जे श्रीकुमार केरल को मिलेगा। डीग जिले से इस अधिवेशन में भाग लेने के लिए जिलाध्यक्ष अनिल सीही , जिलामंत्री देवेन्द्र यादव,संभाग महिला मंत्री जयमाला सोनी, जिला संगठन मंत्री पदम सिंह, जिला महिला उपाध्यक्ष इन्दिरा यादव 4अक्तूबर को जयपुर रवाना होंगे।

## दलित उत्थान महा अभियान से जुड़ा एक और गांव

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (नि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से शुरू हुआ दलित उत्थान महा अभियान के साथ अब एक और गांव जुड़ गया हैं। गायत्व्य रहे कि यह अभियान विगत 50 वर्ष से भी अधिक समय से एक ही स्थान पर बसे दलित गांव को स्थाई आवास दिलाने के प्रधानमंत्री के मुहिम को अमली जामा पहनाने के लिए भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी द्वारा जयपुर जिले के बगरू विधानसभा के जय जसपुरा गांव से शुरू किया गया है। भारत जोड़ो मिशन सोसाइटी के अध्यक्ष अनीष कुमार नाडार ने बताया कि राजस्थान में लगभग 5000 से अधिक ऐसे गांव और ढाणियां है जो 50 वर्ष से भी अधिक समय से पट्टा नहीं मिल पाने के कारण विकास की मुख्य धारा नहीं पहुंच पाई है। जनसंख्या के बढ़ते दबाव एवं निरंतर महंगी होती जमीनों के चलते गरीब लोग मजबूरी में आबादी की भूमि नहीं होने के कारण कंई स्थानों पर चारागाह में तो कहीं स्थान पर जंगलात की भूमि में बसा दिए गए । अब समय आ गया हैं कि इन लोगों के बारे में प्रशासनिक स्तर पर सर्वे से लेकर इन्हें स्थाई पट्टा उपलब्ध कराने के लिए उच्च स्तर पर कार्य किया जाए।

### मेवाड़ के प्रतापी महाराणाओं के ऐतिहासिक अस्त्र-शस्त्रों को वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने विधिवत पूजा

## डॉ. लक्ष्यराज ने पुत्र हरितराज का पूर्वजों के युद्ध कौशल-वीर गाथा-परंपराओं से अवगत कराया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (नि.स.)।** विजया दशमी पर गुरुवार को मेवाड़ की शौर्य परम्परा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य एवं महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउंडेशन के अध्यक्ष और प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने 'सलेहखाना' (शस्त्रागार) में परम्परानुसार मंत्रोच्चारण के साथ ऐतिहासिक अस्त्र-शस्त्रों का पूजन किया। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह ने अपने सुपुत्र हरितराज सिंह मेवाड़ को महाराणा सांगा, वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप और महाराणा राजसिंह सहित अन्य प्रतापी पूर्वजों के युद्ध कौशल, वीर गाथाओं और परम्पराओं से अवगत कराया। इस विशेष पूजन में 7 तलवारें, ढाल, भाला, 2 बंदूकें, 2 कटार और



धनुष-तीर विराजित किए गए। फौलादी लोहे से बनी ये तलवारें मेवाड़ी कारीगरी का अनूठा उदाहरण हैं। इनके मूठ पर सोने के तार, वर्क, कुंदन, मीनाकारी और रत्नजड़ित कौशल देखने को मिलता है। ढाल पर स्वर्ण कारीगरी, भाले और कटार पर शिल्प कौशल अद्वितीय है। महाराणा प्रताप की सेना में मेवाड़ के आदिवासियों के धनुष-तीर की प्राथमिकता भी प्रेरणाप्रद है। इस अवसर पर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि सूर्यवंशी परम्परा में आश्विन शुक्ल दशमी को शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। नवरात्र के नौ दिन शक्ति पूजन के बाद मेवाड़ के महाराण दशहरे पर शमी वृक्ष की पूजा करते आ रहे हैं। नगर से बाहर आयोजित मोहल्ला दरबार में महाराणा, मंत्रिमंडल और सेना अस्त्र-शस्त्र आदि धारण कर सम्मिलित होते थे। महाराणा सज्जन सिंह (ई.स. 1874-1884) में 'सज्जन इंफेन्ट्री' का गठन किया, जिसे 1942 में इण्डियन स्टेट्स फोर्स की बी-वर्ग की इकाई के रूप में और 1942 में पुनः स्टेट सर्विस यूनिट की तरह आधी बटालियन में पुनर्गठित किया गया था।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का आयोजन

# हिंदू का संगठित व शक्तिशाली होना अत्यंत आवश्यक : भवानी शंकर

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल )।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पावटा नगर ईकाई द्वारा कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर में गुरुवार को संघ के शताब्दी वर्ष पर विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन और शस्त्र पूजन कार्यक्रम ग्राम टोरड़ा के भरतदास बगीची के संत मंगलदास महाराज के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं अलवर विभाग सेवा प्रमुख भवानी शंकर ने स्वयंसेवकों से आह्वान किया कि हिंदू राष्ट्र का संगठित एवं शक्तिशाली होना अत्यंत आवश्यक है। प्राचीन काल से अब तक हिंदू संस्कृति की रक्षा के लिये हिंदुओं ने संघर्ष करते हुये अनेक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रकार के संघर्षों के बावजूद हम अपनी संस्कृति और विरासत को बचाने में सफल हुये। वर्तमान



समय में भी सभी प्रकार की छोटी बातों को छोडक़र हमें हिंदूत्व के नाते एकत्रित होना पड़ेगा। विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ ने कहा कि भारत देश हमेशा से शक्ति का उपासक रहा है। शक्ति विहीन व्यक्ति अपने देश व समाज का भला नहीं कर सकता। संघ अपने स्थापना के समय से ही हिंदू संगठन का कार्य करता आ रहा है। संत मंगल दास महाराज ने आशीर्वचन कहे। खण्ड संघचालक डॉ. किशन लाल शर्मा ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात स्वयंसेवकों ने घोष की ताल पर कदम से कदम मिलाकर कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर से प्रारंभ होकर पावटा बस स्टैंड, मुख्य बाजार सुभाष चौक, गांधी तिराहा होते हुए प्रमुख मार्गों से पथ संचलन निकाला। पथ संचलन में सैकड़ों स्वयंसेवकों ने कदमताल मिलाते हुए अनुशासन का संदेश दिया। जिन्हें देखने के लिए कस्बे में भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर विभिन्न जगह वंदे मातरम् एवं भारत माता के जयकारे भी लगे। इस दौरान प्रांत गौ सेवा टोली सदस्य पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा, खण्ड कार्यवाह रघु मिश्रा, गोवर्धन प्रजापत, बौद्धिक प्रमुख मनीष सैन, व्यवस्था प्रमुख शीशराम जाट, प्रचार प्रमुख मनोज टांक, तनुज शर्मा, भविष्य शर्मा, नवनीत गौड़, जिला महाविद्यालय विद्यार्थी प्रमुख भारत सिंह, सतनाम वैदिक, प्रांत शारीरिक टोली सदस्य बद्री प्रसाद सैनी, जिला पर्यावरण प्रमुख रामसिंह जाट, मदन लाल सैनी, मुकेश सोनी, राजेन्द्र यादव, मुरलीधर खोवाल, संतोष कुमावत, बजरंग जांगिड़ समेत संघ के सैकड़ों स्वयंसेवक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# विजयदशमी पर रावण दहनः बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व उत्साह से मनाया गया

बढ़ता राजस्थान





**जयपुर (का.स.)।** विजयदशमी के शुभ अवसर पर रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर-23, प्रताप नगर, जयपुर द्वारा भव्य रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सोसायटी के अध्यक्ष चौहान तथा सभी पदाधिकारियों ने मिलकर इस परंपरा को जीवंत करते हुए रावण का पुतला दहन किया। इसके साथ ही कुंभकरण एवं मेघनाथ के पुतलों का भी दहन किया गया, जिससे इस पर्व की ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता और अधिक प्रकट हुई। दहन कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के पटाखों और आतिशबाजी ने पूरे वातावरण को रोशन कर दिया। चारों ओर गूंजती धमाकों की आवाज और चमकते प्रकाश ने मानो सम्पूर्ण आकाशमंडल को आलोकित कर दिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस नजारे का आनंद लिया और इसे यादगार बना दिया। इस अवसर पर डीजे की धुनों पर पारंपरिक राजस्थानी गीतों की प्रस्तुति ने वातावरण में और अधिक रंग भर दिए। महिलाओं ने गरबा एवं डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया, वहीं पुरुषों और बच्चों ने भी पूरे उत्साह और उमंग के साथ नृत्य में भाग लिया। कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित सभी लोगों ने बुराई पर अच्छाई की जीत के इस प्रतीकात्मक आयोजन में स्वयं को सहभागी बनाकर उल्लास का अनुभव किया। सोसायटी के अध्यक्ष चौहान जी ने कहा कि विजयदशमी हमें यह संदेश देती है कि चाहे बुराई कितनी भी प्रबल क्यों न हो, अंततः सत्य और धर्म की ही विजय होती है। उन्होंने सभी निवासियों से एकजुट होकर समाज में अच्छाई, सद्भाव और भाईचारे को आगे बढ़ाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। रावण दहन का यह समारोह न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक समरसता का भी सुंदर उदाहरण प्रस्तुत कर गया।

# अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** श्री निंबार्क कृष्ण बिहारी जी, सेवाकुंज आश्रम, जगतपुरा जयपुर में संत बाबा श्री कृष्णा शरण (कल्याण दास) जी महाराज के पावन मार्गदर्शन में रामनवमी के उपलक्ष्य में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। प्रातःकाल से ही भक्तों का आना-जाना लगा रहा और पूरे वातावरण में राम नाम की गूंज से एक आध्यात्मिक आभा व्याप्त हो गई। दशहरे के पावन अवसर पर मध्यान्ह 12.00 बजे से हवन एवं पूर्णाहुति का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तों ने श्रद्धा एवं आस्था के साथ आहुति प्रदान की। कार्यक्रम के अंतर्गत दोपहर 1.30 बजे आरती सम्पन्न हुई। आरती के दौरान मंदिर प्रांगण में उपस्थित सभी श्रद्धालु भक्तों ने भावपूर्वक जय श्रीराम के उद्घोष लगाए, जिससे पूरा परिसर भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठा। आरती उपरांत पत्तल प्रसादी में खीर एवं मालपुआ का विशेष प्रसाद वितरण किया गया। सभी भक्तगणों ने सामूहिक रूप से इस प्रसाद का आनंद लिया और संत बाबा श्री कृष्णा शरण जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और सभी ने इस धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा का स्रोत बताया। जैसा कि मीडिया कर्मी बनवारी लाल विजय ने बताया।

प्रारूप- 5
( नियम 6( 2 ) देखिए )

## प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका मण्डल, बसेडी

क्रमांक : न.पा.ब./69ए पट्टा/1339 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

### लोक सूचना

**श्री गोपालदास पुत्र श्री कैलाशचन्द जाति वैश्य निवासी पोखरा मौहल्ला बसेडी तहसील बसेडी** ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार **आवासीय** के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोगके लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/गली/कालोनी का नाम | पड़ोस द्वारा सीमाबद्ध भूखण्ड | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| (जिला धौलपुर) (उपखण्ड बसेडी ) | पोखरा मौहल्ला बसेडी | पूर्व – आम रास्ता<br>पश्चिम – मकान उम्मेदीलाल<br>उत्तर – मकान गोपालदास<br>दक्षिण – मकान नत्थी कुशवाह | पूर्व – 4.2672 मीटर<br>पश्चिम – 4.2672 मीटर<br>उत्तर – 10.0584 मीटर<br>दक्षिण – 10.0584 मीटर<br>कुल क्षेत्रफल – 42.92 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69–क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आशक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, बसेड़ी**

# सीसीए यूरोकिड्स में गरबा-डांडिया का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** रींगस सी सी ए शिक्षण संस्थान समूह द्वारा संचालित सीसीए यूरोकिड्स में नवरात्रों की नवमी की संध्या पर गरबा-डांडिया नृत्य एवं राजस्थानी कला संस्कृति एवं शौर्य गाथा से संबंधित कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। रंग-बिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजे छात्र-छात्राओं एवं कलाकारों ने गरबा और डांडिया प्रस्तुत कर समा बाँध दिया। पूरा परिसर भक्तिमय और उत्साहपूर्ण माहौल से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक रमेशचंद्र सक्सेना, निदेशक डॉ. अजय सक्सेना, सह निदेशक कविता सक्सेना, रोटरी क्लब रींगस के अध्यक्ष अर्जुन लांबा, प्रशासनिक अधिकारी बलवीर सिंह शेखावत, स्वर्णिम कैरियर इंस्टिट्यूट के कोऑर्डिनेटर रघुवीर सिंह तंवर, महेंद्र महला, रघुनाथ जाट एसबीआई रोटरी क्लब रींगस के पूर्व अध्यक्ष ,बीटीएस हॉस्पिटल निदेशक झाबर बिजारनिया, सुभाष बिजारणियां, श्रवण सोनी,कृष्ण कुमार छिपा, मंजू राठौड,रेखा चौधरी एवं समस्त मीडिया साथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# हक-ए-अमन सेमिनार, गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहादत को समर्पितः डॉ. आज़म बैग

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर (का.स.)।** हिंदू, मुस्लिम, सिख, इसाई आपस में सब भाई-भाई के संदेश को लेकर राजधानी जयपुर में शनिवार को हक-ए-अमन सेमिनार का आयोजन होगा। यह आयोजन गुरु तेग बहादुर जी की 350वीं शहादत को समर्पित है। सेमिनार 4 अक्टूबर को सुबह 10:30 बजे सिंधी कैंप स्थित आरको पैलेस में होगा। इससे पहले इसका पहला चरण 24 अगस्त को नई दिल्ली के आीआईसीसी लोधी रोड पर संपन्न हुआ था।कार्यक्रम में देशभर से कई दिग्गज नेता, न्यायविद और समाजसेवी शामिल होंगे। इनमें ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के राष्ट्रीय महासचिव हजरत मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दीदी, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं अध्यक्ष मोहम्मद अदीब, पटना हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश इकबाल अंसारी, सांसद मोहीबुल्ला नदवी, पूर्व जस्टिस रंजीत सिंह, केंद्रीय सिंह सभा अध्यक्ष प्रो. श्याम सिंह, जयपुर विधायक रफीक खान और अमीन कागजी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे।

प्रारूप- 5
( नियम 6( 2 ) देखिए )

## प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका मण्डल, बसेडी

क्रमांक : न.पा.ब./69ए पट्टा/1335 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

### लोक सूचना

**श्री दिलीप कुमार पुत्र श्री नेमीचन्द जाति गौड निवासी लक्ष्मी बिहार कॉलोनी बसेडी तहसील बसेडी** ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार **आवासीय** के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/गली/कालोनी का नाम | पड़ोस द्वारा सीमाबद्ध भूखण्ड | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| (जिला धौलपुर) (उपखण्ड बसेडी ) | लक्ष्मी बिहार कॉलोनी बसेडी | पूर्व – भूखण्ड राजवीर सिंह<br>पश्चिम – आराजी करनसिंह<br>उत्तर – भूखण्ड अन्य<br>दक्षिण – आम रास्ता | पूर्व – 19.2024 मीटर<br>पश्चिम – 18.8976 मीटर<br>उत्तर – 6.7056 मीटर<br>दक्षिण – 6.7056 मीटर<br>कुल क्षेत्रफल – 127.74 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69–क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आशक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, बसेड़ी**

# प्रतापनगर में रामनवमी पर महिलाओं ने खेला गरबा और डांडिया रास





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रामनवमी के पावन अवसर पर रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी, सेक्टर-23, प्रतापनगर जयपुर की महिला संगठन द्वारा एक भव्य सांस्कृतिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम 6.30 बजे हुआ और देर रात 10.00 बजे तक उत्साह और उल्लास के बीच गरबा एवं डांडिया रास का सिलसिला चलता रहा। कार्यक्रम में सबसे पहले महिला संगठन की सभी सदस्याओं एवं कॉलोनी की महिलाओं ने गरबा की पारंपरिक शैली में सुंदर तालमेल और नृत्य प्रस्तुत किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने एक-दूसरे के साथ मिलकर गरबा खेला, जिससे वातावरण में भक्ति और आनंद की लहर दौड़ गई। इसके बाद डीजे की गुजराती धुनों पर डांडिया रास की शुरुआत हुई। महिलाओं ने पारंपरिक डांडिया की लयबद्ध प्रस्तुति दी और संगीत की ताल पर देर रात तक नृत्य करती रहीं। आयोजन के दौरान पूरा प्रांगण रोशनी और उत्साह से जगमगाता रहा। दर्शकों ने भी तालियों और उत्साहवर्धन के साथ प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को सांस्कृतिक और धार्मिक अवसरों पर एक मंच प्रदान करना था, ताकि वे पारंपरिक परंपराओं को जीवंत रख सकें और सामाजिक एकता को मजबूत बना सकें। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागी और उपस्थित लोग प्रसन्नचित्त एवं आनंदित दिखाई दिए। महिला संगठन ने इस अवसर पर सभी का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को जारी रखने की घोषणा की।

# गांधी जयंती पर कलक्टरेट जयपुर में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुसार सेवा पखवाड़े-2025 के तहत गांधी जयंती के अवसर पर 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के अंतर्गत कलेक्ट्रेट जयपुर में विशेष स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशों की अनुपालना में गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम में कलक्टरेट के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए और कार्यालय परिसर में व्यापक सफाई एवं वीडिंग कार्य किया। इस दौरान सभी ने अपने-अपने कक्षों की धूल-मिट्टी साफ कर जाले हटाए, डस्टिंग की, अभिलेखों को सुव्यवस्थित किया तथा अनुपयोगी कागज एवं सामग्री को हटाकर स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित किया।

# केशव बस्ती का विजयदशमी उत्सव व पथ संचलन हुआ सम्पन्न



बढ़ता राजस्थान

**चौमू (दिनेश कुमार कुमावत)।** केशव नगर स्थित बालिका आदर्श विद्या मंदिर में विजयदशमी के पावन पर्व पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस वर्ष 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उत्सव व पथ संचलन संपन्न हुआ । गुरुवार को प्रातः 8.00 बजे ध्वज लगने के पश्चात स्वयंसेवको ने शारीरिक प्रदर्शन किया जिसमें दंड योग, दंड के प्रयोग एवं व्यायाम योग, सामूहिक समता व घोष के स्वयंसेवको के द्वारा घोष का प्रदर्शन किया गया । मुख्य अतिथि पुलिस से सेवानिवृत शिवपाल चौधरी ने प्रेरणा स्रोत उद्बोधन में संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी व वर्तमान में समाज को संघ के आदर्शों पर चलने का आवाहन किया। विशिष्ट अतिथि चिकित्सक नीतू यादव ने बताया कि संघ के कार्यों की समाज में स्वीकार्यता बढ़ रही है और समाज संघ के आदर्शों को अपना मान कर संघ के आदर्शों पर चल रहा है। मुख्य वक्त दिनेश मणिरत्नम ने कार्यक्रम में समाज के लोगों को संघ के पंच परिवर्तन के विषय को रखते हुए समाज को उन पंच परिवर्तनों को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया तथा समाज सेवा व समाज कल्याण की विभिन्न बिंदु बताएं। पाथय प्रदन के पश्चात स्वयंसेवकों ने केशव बस्ती के मुख्य मार्ग केशव नगर, होली दरवाजा, हरिजन मोहल्ला, गौशाला चौक, लक्ष्मीनाथ का चौक, चौपड़, रावण गेट, रेनवाल रोड पर संचलन निकाल कर पुनः बालिका आदर्श विद्या मंदिर पहुंचे ।

प्रारूप- 5
( नियम 6( 2 ) देखिए )

## प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका मण्डल, बसेडी

क्रमांक : न.पा.ब./69ए पट्टा/1318 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

### लोक सूचना

**श्री राजवीर सिंह पुत्र श्री नेमीचन्द जाति गौड निवासी लक्ष्मी विहार कॉलोनी तिमासिया तहसील बसेडी** ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार **आवासीय** के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/गली/कालोनी का नाम | पड़ोस द्वारा सीमाबद्ध भूखण्ड | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| ( जिला धौलपुर ) ( उपखण्ड बसेडी ) | लक्ष्मी विहार कॉलोनी तिमासिया तहसील बसेडी | पूर्व - खाली प्लॉट विक्रेता<br>पश्चिम - भूखण्ड दिलीप कुमार<br>उत्तर - भूखण्ड अन्य<br>दक्षिण - आम रास्ता | पूर्व - 19.50 फीट<br>पश्चिम - 19.20 फीट<br>उत्तर - 6.70 फीट<br>दक्षिण - 6.70 फीट<br>कुल क्षेत्रफल - 129.78 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69–क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आशक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, बसेड़ी**

प्रारूप- 5
( नियम 6( 2 ) देखिए )

## प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका मण्डल, बसेडी

क्रमांक : न.पा.ब./69ए पट्टा/1220 दिनांक : यथा हस्ताक्षर

### लोक सूचना

**श्रीमती शकुन्तला पत्नी श्री महावीर जाति गौड निवासी बरई वाले दगरे के पास, बसेडी तहसील बसेडी** ने नीचे वर्णित भूमि में अपने अधिकार **आवासीय** के प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग के लिए पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार प्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में अभ्यर्पित कर दिये हैं।

| जिले सहित नगर का नाम | वार्ड/गली/कालोनी का नाम | पड़ोस द्वारा सीमाबद्ध भूखण्ड | उत्तर दिशा दर्शित करते हुए लम्बाई और चौड़ाई सहित क्षेत्र (मीटर में) |
|---|---|---|---|
| ( जिला धौलपुर ) ( उपखण्ड बसेडी ) | बरई वाले दगरे के पास बसेडी | पूर्व - आम रास्ता 15 फीट चौड़ा<br>पश्चिम - आम रास्ता 15 फीट चौड़ा<br>उत्तर - आम रास्ता 15 फीट चौड़ा<br>दक्षिण - जायदाद कलावती | पूर्व - 32 फीट<br>पश्चिम - 32 फीट<br>उत्तर - 30 फीट<br>दक्षिण - 30 फीट<br>कुल क्षेत्रफल - 89.19 वर्गमीटर |

इसलिए इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति के पास राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69–क के अधीन पूर्ण स्वामित्व पट्टा अधिकार अभिप्राप्त करने के लिए नगर पालिका के पक्ष में आवेदक द्वारा भूमि में के अधिकार अभ्यर्पण करने की अनुज्ञा की मंजूरी के संबंध में कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर किसी आशक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप नहीं है और मामले का तदनुसार निपटारा किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, बसेड़ी**

## सम्पादकीय

# संघ की गौरवशाली यात्रा, डाक टिकट और स्मारक सिक्का जारी

आखिर विश्व में कितने ऐसे संगठन हैं जो अपने विरोधियों से भी संवाद के पक्षधर हैं? संघ को कई बार इसलिए निशाने पर लिया जाता है कि वह राजनीति को प्रभावित करने का काम कर रहा है। आखिर जिस संगठन का समाज पर गहरा प्रभाव हो वह किसी न किसी स्तर पर राजनीति पर तो असर छोड़ेगा ही। इस पर आश्चर्य और आपत्ति क्यों? ऐसा होना तो स्वाभाविक है।विश्व के सबसे बड़े गैर सरकारी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के सौ वर्ष पूरे होने पर प्रधानमंत्री की ओर से एक डाक टिकट और सिक्के को स्मारक के तौर पर जारी किया जाना इस संगठन की महत्ता को रेखांकित करता है। उसके जैसे व्यापक प्रभाव वाले संगठन को यह महत्ता मिलनी ही चाहिए।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री की ओर से जो सिक्का जारी किया गया, उसके एक ओर राष्ट्रीय प्रतीक अंकित है और दूसरी ओर भारत माता का चित्र। इसका अर्थ यही है कि आरएसएस भारत मां के प्रति समर्पित है। वास्तव में इस समर्पण भाव के कारण ही समय के साथ संघ का प्रभाव बढ़ा है। उसकी उपस्थिति देश के हर हिस्से में है और वह बढ़ती ही जा रही है।

ऐसा इसीलिए है, क्योंकि संघ के स्वयंसेवक निस्वार्थ सेवा भाव के परिचायक हैं। उनका एक ही ध्येय होता है भारतीय संस्कृति के मूल्यों के अनुरूप देश को समरस और समर्थ बनाना। वे जिस त्याग एवं समर्पण भाव से समाज और राष्ट्र सेवा के अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं, उसकी मिसाल मिलना कठिन है। इस मिसाल के जरिये वे यही संदेश देते हैं कि राष्ट्रनिर्माण के लक्ष्य में लोगों को भी जुटना होता है। यह वह मंत्र है, जिसे सभी को आत्मसात करना चाहिए, क्योंकि किसी भी राष्ट्र का उत्थान वहां के लोगों के सहयोग से ही होता है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उसके अनेक सहयोगी संगठन जिस सेवा भाव से अपना कार्य करते हैं, वही उन्हें औरों से अलग करता है। अपनी स्थापना से लेकर अब तक संघ को समय-समय पर संकीर्ण उद्देश्यों से लांछित किया गया, उसके स्वयंसेवकों को प्रताडि़त किया और उनके खिलाफ षड्यंत्र भी रचे गए, लेकिन संघ अपनी विचारधारा और अपने उन मूल्यों के प्रति अडिग रहा, जिनके लिए उसकी स्थापना की गई थी।

इसका परिणाम यह हुआ कि उसकी रीति-नीति से असहमत अनेक लोग उसकी सराहना करने को विवश हुए। विडंबना यह है कि इसके बाद भी उसके प्रति मिथ्या आरोपों का एक सिलसिला चलता रहता है। यह तब है, जब संघ अपने आलोचकों को मान देता है और यहां तक कि उन्हें अपने कार्यक्रमों में आमंत्रित करता है तथा उनके प्रश्नों के उत्तर देता है।

ऐसा वही संगठन कर सकता है, जो अपने उद्देश्यों को लेकर स्पष्ट हो और जो उनकी प्राप्ति को लेकर नीर-क्षीर ढंग से काम करता हो। आखिर विश्व में कितने ऐसे संगठन हैं, जो अपने विरोधियों से भी संवाद के पक्षधर हैं?

संघ को कई बार इसलिए निशाने पर लिया जाता है कि वह राजनीति को प्रभावित करने का काम कर रहा है। आखिर जिस संगठन का समाज पर गहरा प्रभाव हो, वह किसी न किसी स्तर पर राजनीति पर तो असर छोड़ेगा ही। इस पर आश्चर्य और आपत्ति क्यों? ऐसा होना तो स्वाभाविक है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 3 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1735 - फ्रांस और छठे कैरल सम्राट ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- 1831- मैसूर (अब मैसुरु) पर ब्रिटेन ने क़ब्ज़ा किया।
- 1880 - पहले मराठी संगीत नाटक 'संगीत शाकुन्ताल' का पुणे में मंचन किया गया।
- 1915 - नेवादा के प्लेजेंट वैली में 7.8 रिक्टर पैमाने का भूकंप आया।
- 1932 - इराक यूनाइटेड किंगडम से स्वतंत्र हुआ।
- 1977 - पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया।
- 1978 - कलकत्ता (अब कोलकाता) में पहला और दुनिया के दूसरे टेस्ट ट्यूब बेबी का जन्म हुआ।
- 1984 - भारत की सबसे लंबी दूरी की ट्रेन हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी से जम्मू तवी के लिए रवाना की गयी।
- 1992 - गीत सेठी ने विश्व पेशेवर बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप जीता।
- 1994 - भारत ने सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश किया।
- 1995 - चीन एवं इंग्लैंड के बीच हांगकांग के सुगम हस्तांतरण पर सहमति।
- 1999 - आण्विक पदार्थों के आवागमन और आण्विक दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सं.रा. अमेरिका तथा रूस ने संयुक्त संकट केन्द्र की स्थापना की।
- 2002 - नोबेल शान्ति पुरस्कार के लिए प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश और ब्रिटेन के प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर को संयुक्त रूप से देनी की सिफ़ारिश की गई।
- 2003 - पाकिस्तान ने हल्फ-ढ्ढढ्ढ मिसाइल का परीक्षण किया।
- 2004 - लश्कर-ए-तैयबा का राजनीतिक संगठन दो हिस्सों में बंटा।
- 2006 - संयुक्त राष्ट्र संघ के नये महासचिव दक्षिण कोरिया के बान की मून होंगे।
- 2008- टाटा मोटर्स के चेयरमैन रतन टाटा ने सिंगूर से नैनो कार परियोजना अन्यत्र ले जाने की घोषणा की।
- 2013 - इतालवी द्वीप लात्पेदुसा के पास एक नाव के डूब जाने से करीब 134 लोगों की मौत हो गई।
- 3 अक्टूबर को जन्मे व्यक्ति
- 1999 - निषाद कुमार - ऊँची कूद के भारतीय पैरा एथलीट हैं।
- 1967 - गजेंद्र सिंह शेखावत - भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिज्ञ हैं।
- 1959 - सुबीर गोकर्ण - भारत के प्रसिद्ध अर्थशास्त्री थे।
- 1953 - दीपक मिश्रा - भारत के 45वें मुख्य न्यायाधीश हैं।
- 1949 - जे. पी. दत्ता- भारतीय फ़िल्म निर्देशक
- 1928 - अमृतलाल बेगड़ - प्रसिद्ध साहित्यकार, चित्रकार और नर्मदा प्रेमी थे।

## विशेष आलेख

# सऊदी-पाक रक्षा समझौताः भारत की सुरक्षा और कूटनीति पर मंडराता खतरा



डॉ प्रियंका सौरभ



सितंबर 2025 में सऊदी अरब और पाकिस्तान के बीच हुआ सामरिक पारस्परिक रक्षा समझौता केवल दो देशों का द्विपक्षीय करार नहीं है, बल्कि यह बदलते वैश्विक समीकरणों और खाड़ी की असुरक्षाओं का प्रतीक है। जब दोहा में हमास के कार्यालय पर इजऱाइली हमला हुआ और अमेरिका सुरक्षा की गारंटी देने में कमजोर दिखाई दिया, तब खाड़ी देशों के भीतर यह सवाल गहराने लगा कि उनकी सुरक्षा आखिर किस पर टिकेगी। सऊदी अरब ने इस असुरक्षा की घड़ी में पाकिस्तान को सहयोगी चुना, और पाकिस्तान ने अपनी कमजोर होती अर्थव्यवस्था के सहारे के लिए इस मौके का स्वागत किया।

सऊदी-पाक रिश्ते वैसे भी नए नहीं हैं। 1951 से ही दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मौजूद रहा है और 1979-89 के दौरान तो 20,000 पाकिस्तानी सैनिक सऊदी धरती पर तैनात थे, जिन्होंने पवित्र हरमों की रक्षा की और ईरान तथा यमन से आने वाले खतरों का सामना किया। उस ऐतिहासिक पृष्ठभूमि ने आज की स्थिति को सहज बना दिया। लेकिन मौजूदा समझौते की पृष्ठभूमि में कई नई परिस्थितियाँ हैं। अमेरिका की विश्वसनीयता पर संदेह, ईरान का लगातार बढ़ता खतरा, हूती विद्रोहियों और हिज़बुल्लाह जैसे प्रॉक्सी संगठनों की गतिविधियाँ और पाकिस्तान की डगमगाती अर्थव्यवस्था, सभी मिलकर इस करार को आवश्यक बना रहे थे।

यह समझौता केवल रक्षा सहयोग तक सीमित नहीं है। इसमें पारस्परिक सुरक्षा गारंटी, आतंकवाद-निरोध सहयोग, खुफिया साझेदारी, संयुक्त सैन्य प्रशिक्षण और आर्थिक-ऊर्जा सहयोग जैसे तत्व शामिल हैं। इससे सऊदी अरब को यह भरोसा मिलता है कि किसी भी खतरे की स्थिति में पाकिस्तान साथ खड़ा रहेगा, और पाकिस्तान को यह आश्वासन मिलता है कि उसे तेल, निवेश और कूटनीतिक सहारा मिलेगा। लेकिन यही वह बिंदु है जहाँ से भारत के लिए चिंता शुरू होती है।

भारत ने पिछले दशक में खाड़ी देशों, विशेषकर सऊदी अरब और यूएई, के साथ रिश्तों को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाया था। निवेश, ऊर्जा सहयोग और प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा के लिहाज़ से भारत ने महत्वपूर्ण कूटनीतिक उपलब्धियाँ हासिल की थीं। किंतु पाकिस्तान की इस वापसी ने उस निवेश और सहयोग को चुनौती देने की स्थिति बना दी है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि पाकिस्तान, सऊदी रक्षा नीति पर प्रभाव डालकर भारत के खाड़ी हितों को कमजोर कर सकता है। इससे भी अधिक गंभीर यह संभावना है कि चीन, जो पहले से ही पाकिस्तान का रणनीतिक साझेदार है, इस धुरी के माध्यम से खाड़ी क्षेत्र तक अपना प्रभाव फैला ले। यह भारत की नीति के लिए सीधी चुनौती होगी।

सऊदी अरब ने भारत में 100 अरब डॉलर निवेश की प्रतिबद्धता जताई थी, लेकिन पाकिस्तान की जरूरतें इस निवेश को विचलित कर सकती हैं। आर्थिक दृष्टि से यह भारत की विकास योजनाओं पर असर डालेगा। इसके अतिरिक्त पाकिस्तान का परमाणु दर्जा इस समझौते को और संवेदनशील बनाता है। सऊदी अरब पहले भी परमाणु तकनीक हासिल करने की महत्वाकांक्षा जता चुका है। यदि इस समझौते के माध्यम से उसे पाकिस्तान से किसी प्रकार की अप्रत्यक्ष मदद मिलती है, तो यह भारत की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती होगी। भारत के लिए एक और चिंता यह है कि पाकिस्तान को इस करार से उन्नत सैन्य उपकरण और प्रशिक्षण तक पहुँच मिलेगी। सऊदी और अमेरिकी सहयोग से उसकी सैन्य क्षमता और मजबूत होगी, जिसका सीधा असर भारत-पाक शक्ति संतुलन पर पड़ेगा। इसके साथ ही सऊदी अरब की वित्तीय मदद पाकिस्तान की कमजोर अर्थव्यवस्था को सहारा देगी, जिससे उसकी भारत-विरोधी नीति को स्थायित्व मिलेगा। इस्लामाबाद इस अवसर का उपयोग अपने सैन्य ढाँचे को मज़बूत करने और भारत विरोधी गतिविधियों के लिए कर सकता है।

यदि पाकिस्तान ईरान या यमन जैसे संघर्षों में गहराई से शामिल होता है, तो उसका प्रभाव दक्षिण एशिया तक महसूस किया जा सकता है। यह न केवल सामरिक अस्थिरता बढ़ाएगा बल्कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को भी बढ़ावा देगा। भारत की ऊर्जा सुरक्षा पर भी यह समझौता दबाव डाल सकता है। खाड़ी से भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा पूरा होता है। यदि पाकिस्तान, सऊदी नीतियों को प्रभावित करने में सक्षम हो जाता है, तो भारत की आपूर्ति शृंखला और कीमतों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

इन सभी परिस्थितियों को देखते हुए भारत के लिए यह आवश्यक है कि वह अपनी रणनीति को और सक्रिय बनाए। भारत को खाड़ी देशों के साथ अपने संवाद और गहरे करने होंगे और यह सुनिश्चित करना होगा कि पाकिस्तान की भूमिका भारत की उपलब्धियों को कमजोर न कर सके। ऊर्जा सुरक्षा के मोर्चे पर भारत को विविधीकरण करना होगा, रूस, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे विकल्पों पर ध्यान देना होगा। हिंद महासागर और खाड़ी क्षेत्र में नौसैनिक उपस्थिति मज़बूत करके भारत को अपने हितों की रक्षा करनी होगी। अमेरिका और इजऱाइल जैसे साझेदारों के साथ रक्षा सहयोग को नए स्तर पर ले जाना भी समय की माँग है।

# मानवीय संवेदनाओं,ममता से परे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस



संजीव ठाकुर

*आज दुनिया भर में इमोशनल एआई पर शोध हो रहा है। ऐसे रोबोट बनाए जा रहे हैं जो चेहरे के भाव और आवाज़ की थरथराहट को पहचानकर प्रतिक्रिया दे सकते हैं। किंतु यह वास्तविक अनुभूति नहीं, केवल अभिनय है।*

महात्मा गांधी ने कहा था कि विज्ञान मानवता के लिए हो, तभी उसका मूल्य है। मानवीय सभ्यता ने तकनीक के क्षेत्र में असीमित प्रगति की है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) वैज्ञानिक प्रगति का जीता जागता सर्वोत्तम उदाहरण है, जिसने मानविय जिंदगी की लगभग हर शाखा में बहुत गहरे से प्रवेश कर लिया है। शिक्षा, चिकित्सा, उद्योग, कृषि, सुरक्षा, संचार और न्याय कोई भी क्षेत्र इससे अछूता अप्रभावित नहीं रहा। एआई की तीव्रता ने हमारे समय और श्रम की असीमित बचत की है, देश की उत्पादन क्षमता, कृषि क्षमता और वैज्ञानिक क्षमता को कई गुना बढ़ाया है और निर्णय लेने की क्षमता को अद्भुत उच्च स्तर तक पहुँचा दिया है। किंतु एक बड़ी समस्या हमारे सामने है कि क्या यह कृत्रिम बुद्धिमत्ता कभी संवेदना,ममता प्यार,दुलार को अंगीकृत कर पाएगी, जो मनुष्य मूल के स्वभाव में समाहित है?

एआई के इतिहास पर एक विहंगम दृष्टि डालें तो यह सात दशक पुराना है, पर उसकी यात्रा बड़ी ही रोमांचक है। 1950 में एलन ट्यूरिंग ने प्रश्न उठाया था क्या मशीनें सोच सकती हैं? और इसके साथ ही ट्यूरिंग टेस्ट सामने आया, जो मशीन की बुद्धिमत्ता मापने की पहली कसौटी बनी थी। 1956 में डार्टमाउथ सम्मेलन के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शब्द का औपचारिक जन्म हुआ था। शुरुआत के कुछ दशकों में एआई केवल खेलों और गणनाओं तक जुड़ी तथा सीमित दायरे में रही, पर 1980 और 1990 के दशक में कंप्यूटरों की बढ़ती क्षमता और न्यूरल नेटवर्क जैसी अवधारणाओं ने इसको काफी हद तक आगे बढ़ाया है। 21वीं सदी के आगमन पर इंटरनेट और बिग डेटा ने इसे वास्तविक जीवन और दिन प्रतिदिन का महत्वपूर्ण एवं अत्यंत आवश्यक हिस्सा बना दिया। आज एआई भाषा की समझ अच्छे से रखने लगा है, अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तस्वीरें भी बहुत अच्छे से पहचाननें लगा है, मनुष्य देश तथा घटनाओं के बारे में भविष्यवाणियाँ कर सकता है और मनुष्य जैसी बातचीत कर सकता है। इसके बावजूद एआई और मनुष्य के बीच का अंतर बड़ा,विराट,विस्तारित और विहंगम है। ।मशीन गणना कर सकती है, पर अनुभव नहीं कर सकती। वह उस ममता को कहाँ से लाएगी, जो किसी माँ की गोद में शिशु को थामते ही सहज उत्पन्न हो पड़ती है? वह करुणा कैसे दिल में महसूस करेगी, जो किसी अजनबी की पीड़ा देखकर स्वतः उमड़ पड़ती है? एआई सहानुभूति का अभिनय कर सकता है, मुस्कुरा सकता है, सांत्वना के शब्द बोल सकता है, परंतु उस मुस्कान में आत्मा की खुशी या पीड़ा नहीं दे सकता है। गुरुदेव रविंद्र नाथ टैगोर ने गीतांजलि में लिखा था—जहाँ मन भय से मुक्त हो और मस्तक ऊँचा हो—यह स्वप्न केवल नोबेल पुरस्कार विजेता मनुष्य का है, मशीन का नहीं।आज एआई चिकित्सा में कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियों के निदान में डॉक्टरों की सहायता कर रहा है, शिक्षा में विद्यार्थियों को व्यक्तिगत अध्ययन सामग्री प्रदान कर रहा है, कृषि परियोजनाओं में मौसम का पूर्वानुमान कर किसानों को समय पर मौसम और वर्षा के बारे में जानकारी दे रहा है और उद्योगों में उत्पादन क्षमता को कई गुना बढ़ाने का का प्रयास कर उत्पादन बढ़ा चुका है।

## शख्सियत — बढ़ता राजस्थान



**अभिमन्यु सहारण**
**(भारतीय वन सेवा के अधिकारी)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं,अभिमन्यु सहारण जोकि भारतीय वन सेवा के शानदार युवा अधिकारी हैं। 14 दिसम्बर सन1990 को जन्में अभिमन्यु सिंह शुरू से ही होनहार रहे हैं। ये प्रावैधिक सहायक एवं सहायक वन संरक्षक, बांसवाड़ा कार्यालय उप वन संरक्षक, बांसवाड़ा,उप वन संरक्षक, भरतपुर। उप वन संरक्षक, वन्यजीव,भरतपुर। उप वन संरक्षक, अजमेर।उप वन संरक्षक, मुकुन्दरा हिल्स टाईगर रिजर्व, कोटा भी रहे हैं और आज उप क्षेत्र निदेशक, सरिस्का बाघ परियोजना, अलवर पद को सुशोभित कर रहे हैं। राजस्थान की अरावली पहडियों में बसा सरिस्का बाघ अभयारण्य, वन्यजीव संरक्षण के एक गंभीर अध्याय का गवाह रहा है। 2005 में, इसकी बाघ आबादी शून्य हो गई थीए जिससे देश स्तब्ध रह गया था और बड़े पैमाने पर संरक्षण प्रयास शुरू हुए थे। कहानी काफ़ी अलग है और इसका श्रेय 2017 बैच के भारतीय वन सेवा आईएफएस अधिकारी अभिमन्यु सहारन के समर्पण और गतिशील नेतृत्व को जाता है, जो वर्तमान में इस अभयारण्य में उप वन संरक्षक और उप क्षेत्र निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। उनकी सतर्क निगरानी और निर्देशन में, सरिस्का में न केवल बाघों की संख्या बढकर 50 हो गई है, बल्कि महत्वपूर्ण पारिस्थितिक और तकनीकी प्रगति भी हुई हैए जो इसे भारत भर के अन्य अभयारण्यों के लिए एक आदर्श बनाती है। सहारन से सरिस्का वन और उसके वन्यजीवों की भलाई के लिए उनके प्रयासों और उन्होंने किस प्रकार वन को फलने-फूलने और बाघों की आबादी बढ़ाने में मदद की, बाघ संरक्षण केवल संख्या के बारे में नहीं है ये क्षेत्रों की रक्षा, आवास सुरक्षा सुनिश्चित करने और खतरों का शीघ्रता से जवाब देने के बारे में है। हाल के वर्षों में कई बाघ संरक्षित क्षेत्र से बाहर भटक गए थे। लेकिन सहारन द्वारा लागू की गई कुशल निगरानी और ट्रैकिंग प्रणालियों की बदौलत जानवरों को सुरक्षित वापस लाया गया। एसटी-2303 जैसे बाघ हरियाणा के झाबुआ तक पहुँच गए, एसटी-2402 दौसा जिले के महुखुर्द चले गए, और एसटी-2305 भी भटक गए। इनकी टीम की त्वरित और सावधानी पूर्वक प्रतिक्रिया के साथ कार्य किया और आज सभी बाघों को न्यूनतम तनाव के साथ वापस आ गए हैं। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**- रूपक शर्मा**

## हैल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# पुराने जोड़ों के दर्द से लेकर मइग्रेन तक में राहत देता है क्रायोथेरेपी

क्रायोथेरेपी एक प्रकार की कोल्ड थेरेपी है जिसका उपयोग एथलीट्स, स्पोर्ट्सपर्सन, सेलेब्स, ट्रेनर्स और ऐसे लोग जो बहुत अधिक दर्द से जूझ रहे होते हैं वे लोग करते हैं। अब यह लोगों में तनाव दूर करने के लिए भी लोकप्रिय हो रही है। दर्द दूर करने के एक माध्यम के रूप में इस पद्धति में आपको स्वयं को एक ठंडे, फ्रोजन चेंबर में कुछ निश्चित समय के लिए लॉक करना पड़ता है ताकि आपके शरीर की दुखने वाली मांसपेशियां खुल सकें। यह दर्दनिवारक और युवा दिखने में सहायक होने के साथ और भी कई लाभ शरीर को पहुंचाती है।

**1. आपका दिमाग साफ़ होता है**

यह इस थेरेपी के सबसे चर्चित लाभों में से एक है। कोल्ड थेरेपी के नियमित सेशन लेने से आपके ब्रेन को पोषण मिलता है। आपका मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहता है और तनाव और निराशा के गंभीर लक्षणों से भी राहत मिल सकती है। जब हमारा शरीर बहुत अधिक ठंडे स्थान पर रहता है तो हैप्पी एंडोरफिन्स जैसे डोपामाइन मुक्त करता है जो इन चीजों से निपटने में सहायक होता है। अध्ययनों से यह भी पता चला है कि क्रायोथेरेपी डिमेंशिया और अल्जाइमर जैसी समस्याओं के उपचार में भी सहायक है क्योंकि इससे शरीर में एंटीऑक्सीडेंट का स्तर बढ़ता है जो तनाव दूर करने में सहायक होता है।

**2. माइग्रेन से निपटने में सहायक**

माइग्रेन और गंभीर सिरदर्द से निपटना बहुत कठिन होता है, विशेष रूप से तब जब किसी भी पेनकिलर से दर्द दूर ना हो रहा हो। क्रायोथेरेपी से माइग्रेन की तकलीफ कम होती है क्योंकि यह माथे या गर्दन के आसपास की मांसपेशियों पर दबाव डालकर सूजन कम करती है। यह बढ़े हुए ब्लडप्रेशर को भी कम करती है। मांसपेशियों में होने वाली जलन को कम करती है और उन्हें सुन्न करती है तथा गंभीर से गंभीर दर्द को भी प्राकृतिक और सरल तरीके से दूर करती है।

**3. यह दर्द और रिकवरी में सहायक है**

बहुत से एथलीट और व्यावसायिक क्रायोथेरेपी का उपयोग इसलिए करते हैं क्योंकि इसके चिकित्सीय प्रभाव दर्द और रिकवरी से जुड़े हुए हैं। आइस या हॉट बाथ मांसपेशियों के दर्द को कम करता है उसी तरह क्रायोथेरेपी दर्द, जकडऩ, सूजन को कम करती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज आपको अपनी आय और व्यय के लिए बजट बनाकर चलना होगा। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आप अपने कामों को लेकर रणनीति बनाकर चले। आप अपनी वित्तीय योजनाओं पर पूरा ध्यान दें।

**वृष**
आज आपके काम बिना रुकावट के पूरे होंगे। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आपके अधिकारी भी आपका साथ देंगे। आप अपने कामों पर पूरा फोकस बनाएंगे। आप ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से बेवजह के वाद-विवाद में ना पड़ें।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से काम लेने के लिए रहेगा। आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहेगा। आपको यदि किसी यात्रा पर जाना पड़ें, तो वहां अपनी कीमती सामानों को सुरक्षा अवश्य करें।

**कर्क**
आज आपके चारों ओर का माहौल खुशनुमा रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको कोई पुरस्कार आदि मिल सकता है। आपके कामों में यदि कुछ रुकावटें आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी।

**सिंह**
आज आप अपने कामों में मेहनत से बिल्कुल पीछे नहीं हटेंगे और किसी परेशानी का भी डटकर सामना करेंगे। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपको किसी कानूनी मामले में यदि कोई फैसला लटका हुआ था, तो उसमें जीत मिलेगी। आपको अपने घर की साज-सज्जा आदि पर पूरा ध्यान देंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए कामकाज में सुधार लेकर आएगा। किसी भूमि और वाहन आदि की खरीदारी करना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपका डूबा हुआ धन भी आपको मिलने की संभावना है।

**वृश्चिक**
आज आपकी कार्य कुशलता बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता मिलेगी। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे।

**धनु**
आज आपके पारिवारिक रिश्तों में एकजुटता बनी रहेगी। आप सभी को साथ लेकर चलने की कोशिश में लगे रहेंगे। भगवान के भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। धार्मिक गतिविधियों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए रचनात्मक कार्यों से जुडक़र नाम कमाने के लिए रहेगा। आपकी कला-कौशल में निखार आएगा। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहने से आप थोड़ा परेशान रहेंगे। प्रशासनिक मामलों में आपको पूरा ध्यान देना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए कोई बड़ी उपलब्धि लेकर आने वाला है। आपको बिजनेस में अच्छा धन लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। आपको माताजी की कोई बात बुरी लग सकती है।

## महात्मा गाँधी और शास्त्री जी के सपनों का भारत, उनके विचारों को मिटाना असम्भव -विनोद जैन

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** महात्मा गाँधी जीवन दर्शन समिति सवाईमाधोपुर के तत्वावधान में एक संगोष्ठी का आयोजन समिति के कार्यालय अनाज मण्डी के सामने आलनपुर रोड पर किया गया! संगोष्ठी के मुख्य वक्ता जिला संयोजक विनोद जैन, श्री दयाल फाउंडेशन की स्टेट कोर्डिनेटर खुशबु शर्मा, संतोष स्वामी व चंद्रकला सैनी रहे! महात्मा गाँधी जीवन दर्शन समिति के सह संयोजक व सेवादल जिलाध्यक्ष संतोष स्वामी ने बताया की मुख्य वक्ता विनोद जैन ने गाँधी दर्शन पर प्रकास डालते हुए कहा की आज के इस दौर मे गाँधी जी के व शास्त्री जी के आदर्शो व विचारों से ही देश मे शांति भाई चारा व उन्नति लाई जा सकती है, कई लोग गाँधी जी व शास्त्री जी के विचारों को नकार रहे है जबकि उन्हें भी पता है की ये गाँधी जी और शास्त्री जी के सपनो का भारत है उनके विचारो को नकारा जाना असंभव है। इसी प्रकार जिला सह संयोजक व सेवादल जिलाध्यक्ष संतोष स्वामी ने कहा की गाँधी जी की हत्या तो गोडसे जैसे असामाजिक तत्व से करवा दी मगर अब ये गोडसे के वंशज व संघी मानसिकता के लोग गाँधी दर्शन व गाँधी वादी लोगो के विचारों की मसाल से परेशान है, और शास्त्री जी की सादगी व मिलनसारिता का पूरा विश्व कायल था, हम फौजी मस्ताने है, गाँधी के दीवाने है, पहले लड़े थे गोरो से, अब लड़ेंगे चोरों से, इन्ही नारों के साथ अपना वक्तव्य समाप्त किया। श्री दयाल फाउंडेशन की स्टेट कोर्डिनेटर खुशबु शर्मा ने बताया की गाँधी जी के दर्शन को पढना समझना आसान नही है गाँधी जी अपने आप मे एक यूनिवर्सिटी है और शास्त्री जी सरल व्यक्तित्व की मिसाल है संगोष्ठी मे रामअवतार मीणा, राजेंद्र गुर्जर,बृजमोहन सिसोदिया,विजय तालचिडिया, देविशंकर बैरवा ,ललित अग्रवाल तूफान सिँह, गुरुवचन वाल्मिकी,सुरेन्द्र सैनी इक़बाल खान, बनवारी लाल बैरवा, बलवीर बैरवा लक्ष्मीकांत मीणा, शंकर लाल सैनी,सलीम मिर्जा सुनीता करणावत जाकिर शाह, शकुंतला वर्मा लड्डू लाल सैनी ऊषा झा जाहिद फारूखी, शिवराज सैनी राहुल स्वामी, कुद्दूस खान रजनीश जांगिड़ उमा गौत्तम, संतोष राव, बादाम देवी, शाहीन अंसारी, तब्बसुम, ज्योति शर्मा बुधराज मीणा सहित सवाईमाधोपुर गाँधी दर्शन समिति के गाँधी मित्र उपस्थित रहे! संगोष्ठी का संचालन अनुज कुमार गौत्तम ने किया!

## भाजपाइयों ने संगोष्ठी आयोजित कर दी गांधी और शास्त्री को पुष्पांजलि



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी सवाई माधोपुर के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर के नेतृत्व एवं उपस्थिति मे आज जिला कार्यालय पर संगोष्ठी आयोजित कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई। जिला प्रवक्ता सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि पार्टी पदाधिकारियो ने संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित कर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित की गई ।जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने उपस्थित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी पूर्ण जीवन, सत्यनिष्ठा, उनके जय जवान, जय किसान के नारे को एवं उनके आदर्शो को जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया, अन्य वक्ताओं ने भी कहा कि आज की पीढ़ी को उन महापुरुषों के विचारों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर रहना चाहिए। संगोष्ठी से पूर्व भाजपाइयों ने जवाहर नगर गुलाब बाग स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर साफ सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की और उसके बाद स्वदेशी वस्तुओं की खरीददारी कर लोकल फॉर वोकल का संदेश दिया । इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेमप्रकाश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ भरतलाल मथुरिया, सुरेश चंद जैन, पूर्व जिला प्रमुख पृथ्वीराज मीणा, जिला महामंत्री जगदीश अग्रवाल, बाबूलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण धाकड़, लालचंद गौतम, मीरा सैनी, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल अग्रवाल, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अशोकराज मीणा,बजरिया मंडल अध्यक्ष रितेश भारद्वाज, शहर मंडल अध्यक्ष कपिल जैन, कुंडेरा मंडल अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, केशव शर्मा, पूर्व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष मथुरिया, ओम सुवालका, कृष्णा गुप्ता, सावित्री शर्मा, हरिचरण सिंह, शुभम भारद्वाज अनिल बंसल आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## नाबालिग ने पंखे से फंदा डाल की आत्महत्या

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.) ।** कोतवाली पुलिस थानान्तर्गत जिन्सी क्षैत्र में स्थित एक निजी हॉस्टल में 16 वर्षीय नाबालिग छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरफोर्ट निवासी रवि प्रकाश पुत्र मोहनलाल सैनी (16) पीपलू वाला कुंआ के पास स्थित निजी हॉस्टल में रहकर टोंक में अध्ययन कर रहा था। बृहस्पतिवार की सुबह जब काफी देर तक उसने कमरा नही खोला तो पास वाले कमरे में रह रहे अन्य छात्रों ने वार्डन को सूचना दी। जिस पर वार्डन की सूचना पर वहां पहुंची कोतवाली पुलिस ने गेट तोडकर अन्दर प्रवेश किया तो रवि प्रकाश गले में रस्सी का फंदा डाले पंखे से लटका हुआ था। पुलिस ने सआदत अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया है ।

## करंट लगने से किसान की मौत

बढ़ता राजस्थान


**टोंक (का.स.) ।** जिले के बनेठा थाना क्षेत्र के विजयपुरा गांव में गुरूवार को सुबह खेत पर ट्यूबवेल चलाते समय एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। बनेठा थानाधिकारी भागीरथ सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान विजयपुरा निवासी (45) निवासी रामजस जाट पुत्र घांसी जाट के रूप में हुई है। रामजस गुरूवार सुबह ट्रेक्टर लेकर खेत पर हल निकालने गया था। खेत में ट्यूबवेल चलाते समय करंट लग गया तथा वमौके पर ही अचेत हो गया। उनकी पत्नी भी खेत में काम कर रही थी, पास के खेत से चिल्लाने की आवाज सुनकर पड़ोसी दौडकर आये तथा उन्हें ट्यूबवेल से दूर किया। परिजनों ने तत्काल एम्बूलेंस बुलाई और रामजस जाट को घायल अवस्था में बनेठा सीएचसी अस्पताल ले गए, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बीसलपुर बांध से जयपुर,अजमेर सहित 1 करोड लोगों को मिल रहा पीने का पानी

# बीसलपुर बांध से अब तक 123 टीएमसी ओवरफ्लो पानी बनास नदी में छोड़ा, बाईस साल में तीसरा बड़ा रिकार्ड

## बीसलपुर बांध से टोंक जिले की 81 हजार 800 हेक्टेयर भूमि होती है सिंचित

बढ़ता राजस्थान



**टोंक (का.स.) ।** जिले के बीसलपुर बांध ने इस साल एक और नया इतिहास रच दिया है। बांध से लगातार 70 दिन से ज्यादा समय से पानी छोड़ा जा रहा है तथा बृहस्पतिवार की सुबह तक 123 टीएमसी पानी बनास नदी में छोडा जा चुका था तथा यह सिलसिला अभी भी जारी है। संभावना जताई जा रही है कि अगले 10 दिन तक भी गेट बंद नहीं होंगे। बीसलपुर बांध के 22 साल के जीवन में यह तीसरा बड़ा रिकॉर्ड है।

बीसलपुर बांध परियोजना के अधिशाषी अभियंता मनीष बंसल ने बताया कि इस साल 24 जुलाई को बांध का एक गेट खोलकर निकासी की थी, अभी तक भी यह जारी है और अभी भी बांध में पानी की आवक नहीं बढ़ी तो भी दस बारह दिन तो और गेट खुला रहेगा। बीसलपुर बांध के 22 साल के जीवन में यह तीसरा बड़ा रिकॉर्ड है। इससे पहले सबसे लंबी अवधि तक 2019 में 64 दिन तक गेट खुले रहे थे। इस साल जुलाई में पहली बार गेट खुले और लगातार दूसरे साल गेट खोले जाने का रिकॉर्ड भी बना। अब सबसे लंबे समय तक पानी निकासी का नया रिकॉर्ड दर्ज हुआ है।अजमेर संभाग के सबसे बड़े बीसलपुर बांध की कुल पानी की भराव क्षमता 38.708 टीएमसी (315.50 आरएल मीटर) है। इस बांध का निर्माण होने के बाद इसमें पहली बार 2004 में पानी रोका गया था और पहली बार में ही पूरा भरकर छलक गया था। उसके बाद 2006, 2014, 2016, 2019, 2020, 2022, 2024 में यह पूरा भरकर छलका था। अब आठवीं बार 24 जुलाई को इसके गेट खोल करके ओवरफ्लो पानी बनास नदी में छोड़ा गया था। बीसलपुर बांध प्रोजेक्ट के एक्सईएन मनीष बंसल ने बताया कि टोंक जिले में सिंचाई के लिए 8 टीएमसी पानी, पेयजल के लिए 16.2 टीएमसी पानी आरक्षित है। इसके अलावा 8.15 टीएमसी वाष्पीकरण व अन्य खर्च में माना गया है। उन्होंने बताया कि टोंक, अजमेर, जयपुर जिलों में पेयजल के लिए रोजाना करीब साढ़े नौ से एक हजार एमएलडी पानी इस बांध से जाता है। इससे तीनों जिलों के करीब दो हजार शहर, गांवों की करीब एक करोड़ से ज्यादा आबादी को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बीसलपुर बांध के गेट अब तक आठ बार खोले जा चुके है। पहली बार इसमें 2004 में पानी रोका गया था और ओवरफ्लो होने से पहली ही बार इसके गेट खोलकर 26.18 टी एम सी पानी की निकासी की गई थी । इसी तरह फिर 2006 में 43.25 टी एम सी, 2014 में 11.202 टी एम सी, 2016 में 134.238 टी एम सी, 2019 में 93.605 टी एम सी, 2022 में 13.246 टी एम सी, 2024 में 31.433 टी एम सी और इस साल 2अक्टूबर तक 123 टी एम सी पानी की निकासी बनास नदी में की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि बीसलपुर बांध के 18 गेट हैं जो 15 गुणा 14 मीटर की साइज के है, बांध की लंबाई 576 मीटर व समुद्रतल से ऊंचाई 322.50 मीटर है। बांध की कुल जल भराव में 68 गांव डूब चुके हैं। इसमें 25 गांव पूर्ण रूप से व 43 गांव आंशिक रूप से डूब क्षेत्र में आते हैं। बांध का जलभराव क्षेत्र 25 किलोमीटर है जिसमें कुल 21 हजार 30 हेक्टेयर भूमि जलमग्न होती है।बीसलपुर बांध के निर्माण के साथ ही इसके नहरी तंत्र का निर्माण भी 2004 में पूरा हुआ था।

## गांधी जयन्ती पर सर्वधर्म प्रार्थना सभा, स्वच्छता संदेश के साथ सफाई कर्मियों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार को गुलाब बाग एवं जिलेभर में विविध कार्यक्रम आयोजित हुए। जिला कलक्टर काना राम , जिला पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार बेनीवाल , अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा , नगर परिषद सभापति जयप्रकाश सामरिया और नगर परिषद आयुक्त देवेंद्र कुमार जिंदल ने गुलाब बाग गांधी पार्क में गांधी जी की प्रतिमा और शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि गांधी जी और शास्त्री जी का जीवन सत्य, त्याग और सेवा का प्रतीक है। गांधी जी का स्वच्छता-सेवा और शास्त्री जी का जय जवान जय किसान उद्घोष आज भी हमारे मार्गदर्शक हैं । उन्होंने आह्वान किया कि सभी अधिकारी-कर्मचारी और नागरिक गांधीजी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। हमेशा जीवन में लक्ष्य निर्धारित करते समय साध्य के साथ साधन की पवित्रता होना आवश्यक हैं।

**सर्वधर्म प्रार्थना सभा में गूंजे भजन और प्रार्थनाएं :** गुलाब बाग में आयोजित सर्वधर्म प्रार्थना सभा में राजकीय कर्मचारियों, विद्यार्थियों, स्काउट-गाइड्स एवं आमजन ने सरस्वती वंदना, गुरु वंदना, रामधुन, बौद्ध प्रार्थना, गायत्री मंत्र, इस्लाम और जैन धर्म की प्रार्थनाएं, वैष्णव जन तो तेने कहिए, दे दी हमें आज़ादी बिना खड्ग बिना ढाल और रघुपति राघव राजा राम जैसे भजनों का सामूहिक गायन किया। सभा में दो मिनट का मौन रखकर गांधीजी को श्रद्धांजलि दी गई।

**सफाई कर्मियों का हुआ सम्मानः** कार्यक्रम के दौरान नगर परिषद सवाई माधोपुर की ओर से स्वच्छता अभियान में विशेष योगदान देने वाले 15 सफाई कर्मियों को स्मृति चिन्ह और प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही सेवानिवृत्त सफाई कर्मी विमला को 5 लाख रुपये की जीपीएफ राशि का स्वीकृति पत्र सौंपा गया । 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े के तहत नगर परिषद के कर्मचारियों ने शहर के मुख्य मार्गों पर श्रमदान कर गांधीजी के स्वच्छता संदेश को जन-जन तक पहुंचाया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा , मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कृष्णा शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी हरकेश मीना,अधीक्षण अभियंता बी.एल. मीना, अधीक्षण अभियंता भगवान सहाय मीना, उपनिदेशक समाज कल्याण मीना आर्य , स्काउट सचिव महेश सेजवाल , अधिकारी-कर्मचारी, स्कूली बच्चे और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## नबालिग से छेड़छाड़, धर्म परिवर्तन व निकाह के लिए दबाव मामले में हिस्ट्रीशीटर सहित 3 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** कोतवाली टोंक पुलिस थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव की अगुवाई में गठित पुलिस टीम ने कोचिंग क्लासेज की छात्रा से छेड़छाड़,धर्म परिवर्तन करके निकाह किए जाने के लिए दबाव डालने नहीं तो तेजाब डालने की धमकी दिए जाने के मामले में बृहस्पतिवार को मुख्य आरोपी सहित तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस उपाधीक्षक राजेश विद्यार्थी ने बताया कि पिछले दिनों कोचिंग क्लासेज की नाबालिग छात्रा की तरफ से कोतवाली टोंक में कुछेक युवकों के खिलाफ छेड़छाड़ तथा धर्म परिवर्तन करके निकाह के लिए दबाव डालने का मामला कोतवाली पुलिस थाना में दर्ज कराया गया था।वहीं छात्रा को युवकों की तरफ से तेजाब से डाल शक्ल बिगाडने की धमकी दी थी। जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीना ने मामले की गंभीरता एवं उपजे सांप्रदायिक तनाव को भांपते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी तथा पुलिस उपाधीक्षक राजेश विद्यार्थी के सुपरविजन में कोतवाली पुलिस थानाधिकारी भंवर लाल वैष्णव की अगुवाई में टीम गठित की थी। पुलिस तैनात ने जयपुर, भीलवाडा, उदयपुर सिरोही, कोटा, बांरा ,एमपी में मुल्जिमो की तलाश के लिए दबिश दी गई। पुलिस ने घटना के दूसरे दिन ही ताहिर पुत्र वहीद मेवाती (19 ) निवासी बाडा जेरे किला थाना सदर टोंक, फाईज मियां पुत्र राशिद मियां ( 20 ) निवासी गड्डा पहाडिया टोंक हाल फातिमा मस्जिद के पास जखीरा टोंक को गिरफ्तार किया था जिनको पुलिस रिमाण्ड के लिए लिया था।

पुलिस ने शेष आरोपियों की तलाशी के लिए जगह जगह दबिश दी जिस दौरान आमीर पुत्र वहीद मेवाती (26) निवासी बाडा जैरेकिला थाना सदर टोंक तथा सद्दाम पुत्र छोटे खाँ मेवाती (28) निवासी निवासी बाड़ा जेरे किला सदर टोंक को जिला बाँरा से रात्रि के समय रेलवे स्टेशन से भोपाल-जोधपुर ट्रेन से भागते हुए को गिरफ्तार किया है । दोनो आरोपी रेलवे स्टेशन बाराँ से पुलिस जाप्ते की दबिश के दौरान ट्रेन से भाग रहे थे।वहीं पुलिस ने एक अन्य आरोपी इरशाद उर्फ मेहताब पुत्र इमाम मेवाती ( 21 ) निवासी बाडा जेरे किला टोंक सदर को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने इस मामले में अब तक कुल 5 आरोपियो को गिरफ्तार कर चुकी है तथा शेष आरोपियो की तलाश में जुटी है।

## जिला स्तरीय सहकार सदस्यता अभियान का शुभारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर राज्य सरकार के निर्देशानुसार 2 से 15 अक्टूबर तक चल रहे सहकार सदस्यता अभियान का जिला स्तरीय शुभारम्भ गुरुवार को चौथ का बरवाड़ा में हुआ। ग्राम सेवा सहकारी समिति लि0, चौथ का बरवाडा में आयोजित जिला स्तरीय समारोह में जिला कलक्टर एवं प्रशासक काना राम ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर अभियान का विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सहकार सदस्यता पोस्टर का विमोचन भी किया गया। जिला कलक्टर काना राम ने अपने संबोधन में कहा कि सहकारिता को जन-जन तक पहुँचाने और अधिकाधिक लोगों, विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं को सहकारी समितियों से जोडने का यह सुनहरा अवसर है। सवाई माधोपुर केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक बिजेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि 2 से 15 अक्टूबर तक जिले की सभी ग्राम सेवा सहकारी समितियों में विशेष कैम्प आयोजित होंगे। उप-रजिस्ट्रार डॉ. प्रीति यादव ने कहा कि अभियान के अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायत में पैक्स का गठन, नए गोदामों का निर्माण और ग्रामीणों तक सहकारी योजनाओं के लाभ पहुँचाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### राज्य स्तरीय नेटबॉल 17/19 वर्षीय छात्रा वर्ग क्रीड़ा प्रतियोगिता

## रोमांचक मुकाबले में खिलाड़ियों ने जीत के लिए बहाया पसीना

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला मुख्यालय के पुलिस लाइन मैदान में चल रही राज्य स्तरीय नेटबॉल 17/19 वर्षीय छात्रा वर्ग क्रीडा प्रतियोगिता के तीसरे दिन गुरुवार को लीग मुकाबले हुए। प्रतियोगिता में बने रहने के लिए खिलाडियों ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। विजेता टीमों के खिलाडियों के चेहरे पर जीत की खुशी दिखाई दी। विजेता टीम के खिलाडियों ने अपने साथियों को गले लगा कर जीत का जश्न मनाया व प्रतिद्वंदी टीम के खिलाडियों से हाथ मिलाकर खेल भावना का परिचय दिया।

प्रतियोगिता संयोजक एवं प्रधानाचार्य राबाउमावि मानटाउन कल्पना शर्मा ने बताया कि गुरुवार सुबह की पारी में कुल 57 मुकाबले हुए। समाचार लिखे जाने तक मुकाबले जारी है। लीग मुकाबलों में 17 एवं 19 वर्ष वर्ग में प्रत्येक में से टॉप 8 टीमों के बीच शुक्रवार से सुपर लीग मुकाबले प्रारंभ होंगे। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक हरकेश लाल मीणा ने बताया कि आयोजन टीम की ओर से सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से की जा रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली खिलाडियों एवं सभी कार्मिकों के लिए गुरुवार शाम को भोजन की व्यवस्था बृजेश शुक्ला खंडार वालों की ओर से की गई ।

मुकाबलो के परिणाम- गुरुवार को खेले गये 17 वर्षीय छात्रा वर्ग नेटबाल मुकाबलों में बीकानेर ने झालावाड़ को, चूरू ने सलूम्बर को,चित्तौडग़ढ़ ने जैसलमेर को, नागौर ने खैरथल-तिजारा को, फलौदी ने बूंदी को, श्रीगंगानगर ने डीडवाना-कुचामन को, भरतपुर ने बांसवाड़ा को, जालौर ने जोधपुर को, टोंक ने कोटपूतली-बहरोड को, हनुमानगढ़ ने सवाई माधोपुर को, सिरोही ने कोटा को, सीकर ने उदयपुर को, बालोतरा ने डीग़ को,बाड़मेर ने अलवर को, झुंझुनू ने सिरोही को, जयपुर ने अजमेर को, सलूम्बर ने धौलपुर को, उदयपुर ने डींग को, बालोतरा ने ब्यावर को, अलवर ने दौसा को, राजसमंद ने प्रतापगढ़ को, अजमेर ने प्रतापगढ़ को, बीकानेर ने दौसा को, कोटा ने सवाई माधोपुर को, राजसमंद ने बांरा को, बांसवाड़ा ने डूंगरपुर को एवं डीडवाना ने भरतपुर को पराजित किया।

इसी प्रकार 19 वर्ष छात्रा वर्ग में खैरथल-तिजारा ने बूंदी को, बाड़मेर ने झालावाड़ को, डीडवाना-कुचामन ने अलवर को, श्रीगंगानगर ने टोंक को, राजसमंद ने बांरा को, पाली ने सलूम्बर को, चित्तौडग़ढ़ ने प्रतापगढ़ को, अजमेर ने प्रतापगढ़ को, उदयपुर ने जैसलमेर को, सीकर ने बांरा को, पाली ने जालौर को,चूरू ने जोधपुर को, झुंझुनू ने सवाई माधोपुर को, बालोतरा ने धौलपुर को, सिरोही ने डींग को, डूंगरपुर ने झालावाड़ को,भरतपुर ने कोटपूतली-बहरोड को , टोंक ने राजसमंद को, हनुमानगढ़ ने डीग को, ब्यावर ने करौली को, नागौर ने भरतपुर को ,जैसलमेर ने कोटपूतली-बहरोड को,बालोतरा ने सवाई माधोपुर को, बांसवाड़ा ने धौलपुर को, चित्तौडग़ढ़ ने दौसा को और सिरोही ने ब्यावर को हराया।

## धूं-धूं कर जल उठा 61 फीट ऊंचा रावण, भगवान श्रीराम की निकली शोभायात्रा,महाआरती हुई

बढ़ता राजस्थान



राजगढ़(अलवर)। कस्बे के माचाड़ी मार्ग स्थित प्रताप स्टेडियम में दशहरा महोत्सव समिति की ओर से दशहरा महोत्सव का मनाया गया। दशहरा महोत्सव समिति की ओर से बनाया गया 61 फीट ऊंचा रावण धूं-धूं कर जल उठा। रावण दहन पर समुचा वातावरण श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। रावण दहन से पूर्व कला संगम के कलाकारों की ओर से भगवान राम व रावण के युद्ध का मंचन किया गया। इस दौरान समिति की ओर से आकर्षक आतिशबाजी की गई। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर नगरपालिका, उपखंड प्रशासन, पुलिस एवं समिति की ओर से माकूल इंतजाम किए गए।

**भगवान श्रीराम की निकली शोभायात्रा, महाआरती का हुआ आयोजनः** कस्बे के मेला का चौराहा स्थित सैनी धर्मशाला से भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई जो कस्बे के अवधूत आश्रम, सराय बाजार होते हुए गोल सर्किल पर पहुंची जहां भगवान श्रीराम की महाआरती का आयोजन किया गया। महाआरती में सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरूष श्रद्धालु उपस्थित रहे। शोभायात्रा चौपड़ बाजार, गणेश पोल होती हुई प्रताप स्टेडियम पहुंची। जहां पर रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार, दशहरा महोत्सव समिति के अध्यक्ष मुकेश जैमन, संजय खण्डेलवाल, अजय शर्मा, विश्वास मित्तल, जगदीश आर्यभट्ट, अभिषेक खण्डेलवाल, जेडी स्कूल के निदेशक मनोज सैनी, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विविधता में एकता भारतीय संस्कृति की पहचानःमीणा



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित नारायणपुर सडक़ मार्ग पर स्थित दा मत्स्य स्कूल परिसर में डांडिया नृत्य उत्सव का आयोजन हुआ। आयोजन में विधायक देवीसिंह शेखावत और उनकी धर्मपत्नी शशिबाला चौहान ने भी पूर्व नगर पालिका चेयरमैन नीता सज्जन मिश्रा के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम से पूर्व विधायक देवीसिंह शेखावत व उनकी धर्मपत्नी शशिबाला चौहान ने माँ दुर्गा के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया।इस मौके पर मत्स्य ग्रुप ऑफ़ एजूकेशन की निदेशक अंजू जयसिंह मीणा व संस्थान के मानद सचिव इंजिनियर जयसिंह मीणा ने सभी आँगनतुकों का स्वागत किया। इस मौके पर बोलते हुए निदेशक अंजू जयसिंह मीणा ने कहा कि विविधता में एकता भारतीय संस्कृति की पहचान है। भारत के किसी भी भूभाग में उस इलाके की पहचान रखने वाला उत्सव भी भारतीय संस्कृति का एक हिस्सा जिसे दूसरे प्रदेशों में भी उल्लास से मनाया जाता है।उन्होंने आगे आने वाले उत्सवों के लिए भी सभी को आमंत्रित किया। इस मौके पर मत्स्य महाविद्यालय की छात्राओं ने भी भाग लिया। वहीं अचानक कोई कार्यक्रम के होने से विधायक देवीसिंह शेखावत तो बीच में ही चले गए। लेकिन उनकी धर्मपत्नी शशिबाला चौहान कार्यक्रम के समापन तक मौजूद रही। यह जानकारी सूचना एवं प्रशारण प्रभारी धर्मेन्द्र सैनी ने दी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर किया श्रमदान



बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ (अलवर)।** सेवा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित की अध्यक्षता में श्रमदान एवं गांधी व लाल बहादुर जयंती कार्यक्रम मनाया। जयंती से पूर्व संध्या पर गांधी जी की प्रतिमा की साफ सफाई वह सजावट की गई। सेवा पखवाड़ा स्वच्छता अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने गायत्री मंदिर परिसर में पार्कों की साफ सफाई कर श्रमदान किया व महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य पर उनके छायाचित्र पर माला व फूल अर्पित कर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं के द्वारा स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना, आत्मनिर्भर भारत बनाने पर विचार अपने रखे। इस दौरान खादी भंडार व स्थानीय उत्पादों का खरीद अधिक से अधिक की उपयोग करने की बात कही। इस कार्यक्रम में राजगढ़ लक्ष्मणगढ़ प्रभारी प्रेमनाथ धामानी, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रकाश दीक्षित, नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया, महामंत्री जगदीश सैनी आर्यभट्ट, उपाध्यक्ष उमेश मंडावरिया, कोषाध्यक्ष गोपाल विजय, महिला मोर्चा जिला महामंत्री प्रीति विजय, मीना खंडेलवाल, पार्षद रूप नारायण मीणा, बेनी प्रसाद सैनी, खेमसिंह आर्य, हुकम परेवा, महावीर सैन व सुधांशु मिश्रा सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विजयदशमी पर हुआ शस्त्र पूजन कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** गुरुवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की राठ नगर,हसन खान मेवात नगर बस्ती की भीष्म पितामह प्रौढ़ शाखा का विजय दशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन का कार्यक्रम सेंट्रल पार्क में संघ स्थान पर सुबह 7बजे से8बजे तक मनाया गया,जिसमें मुख्य अतिथि शिक्षा विद एवं उद्योगपति डॉ चंद्र प्रकाश यादव जी ,तथा बौद्धिक करता श्री नितिन कुमार जी,नगर सह कार्यवाह का पाथेय प्राप्त हुआ। उसके बाद पथ संचालन चारों ब्लॉकों से होता हुआ वापिस सेंट्रल पार्क पर समाप्त हुआ।

वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सरिस्का में किया वन्यजीव सप्ताह का शुभारम्भ

# सरिस्का टाइगर रिजर्व बना रहा है बाघों की नर्सरी के रूप में पहचान : वन राज्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा ने सरिस्का बाघ परियोजना में वन्य जीव सप्ताह (2 से 8 अक्टूबर) का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने सरिस्का स्पोर्ट्स मीट के प्रतियोगिता के मैचों का शुभारम्भ किया एवं वन्यजीव सुरक्षा पोस्टर व स्टीकर का विमोचन किया तथा विद्यार्थियों के साथ वन्य जीव मॉनिटरिंग व सुरक्षा उपकरण प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

वन राज्य मंत्री शर्मा ने वन्यजीव सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस सप्ताह का उद्देश्य प्रकृति एवं पर्यावरण से जुडाव एवं उसका संरक्षण है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति ने प्रकृति को देव स्वरूप में पूजा जाता है। इसी परम्परा को आगे बढाते हुए वन्यजीव एवं प्रकृति का संरक्षण एवं मानवीय जुडाव की महती आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों एवं प्रधानमंत्राी श्री नरेन्द्र मोदी के एक पेड मां के नाम अभियान को जन-जन का अभियान बना है, जिससे देश व प्रदेश में निरन्तर वन क्षेत्रा में न केवल इजाफा हो रहा है, बल्कि इसके संरक्षण के प्रति आमजन में एक सकारात्मक भावना पैदा हो रही है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को पर्यावरण से जोडने के लिए प्रदेश के सभी अभयारण्यों में उनकी निःशुल्क विजिट की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि सरकार की कुशल नीतियों से सरिस्का टाइगर रिजर्व अब बाघों की नर्सरी के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि सरिस्का बाघ अभयारण्य ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए टाइगरों की संख्या ने 50 का आंकडा पार किया है। इससे पर्यटन में इजाफा होगा और हम दूसरे राज्यों को बाघ भेजने में सक्षम हो रहे हैं। सरिस्का अभयारण्य में नए रूट खोलने का कार्य भी प्रगति पर है।

सरिस्का स्पोर्ट्स मीट का किया शुभारम्भ, वन्यजीव प्रदर्शनी का किया अवलोकन, बच्चों के बने गाइड

वन मंत्री श्री शर्मा ने वन्यजीव सप्ताह के तहत सरिस्का टाइगर रिजर्व में पहली बार आयोजित कराए जा रहे सरिस्का स्पोर्ट्स मीट के मैचों का शुभारम्भ किया। उन्होंने रस्सा-कस्सी मैच के रैफरी की भूमिका निभाकर एवं बॉलीवॉल के मैच का शुभारम्भ खिलाडियों के साथ खेलकर किया।

वन्यजीव सप्ताह के तहत लगाई वन्यजीव मॉनिटरिंग एवं सुरक्षा उपकरण प्रदर्शनी का अवलोकन स्कूली विद्यार्थियों के साथ किया। उन्होंने बाबा मौजनाथ एकेडमी स्कूल थानागाजी के विद्यार्थियों के गाइड की भूमिका निभाकर वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु उनके निगरानी उपकरणों एवं उनके सुरक्षा उपकरणों के बारे में विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं एवं उनके सवालों का जवाब दिया। बच्चे मंत्राी को अपने गाइड के रूप में पाकर काफी प्रफुल्लित एवं उत्साह में नजर आए। इससे पूर्व उन्होंने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

सीसीएफ संग्राम सिंह कटियार ने आगन्तुकों का आभार जताते हुए वन्यजीव सप्ताह के दौरान की जाने वाली गतिविधियों एवं उसके उद्देश्य तथा इसके महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान डीएफओ सरिस्का अभिमन्यु सहारण, डीएफओ अलवर राजेन्द्र हुड्डा, जितेन्द्र राठौड, रोहिताश घांघल, गोविन्दराम कुमावत, प्रणय गंजु, हरिशंकर, अरूण जैन सहित बडी संख्या में प्रबुद्ध व्यक्ति, वन विभाग के अधिकारी, कार्मिक तथा पर्यटक एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## कांग्रेस की सोच हमेशा देश में शान्ति कायम की, लेकिन विपक्ष अराजकता और अशान्ति फैलाता है :पुरोहित



बढ़ता राजस्थान

बानसूर( धीरज मौर्य)। नगर पालिका क्षेत्र स्थित गाँधी पार्क में कांग्रेसीयों के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर की अध्यक्षता में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयन्ती मनाई गईं। इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं द्वारा गाँधी की मूर्ति पर तथा शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गईं। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने दो मिनिट का मौन भी रखा। इस अवसर कांग्रेस कार्यकर्त्ता रजनीश पुरोहित ने गाँधी व शास्त्री को अहिंसा का पुजारी बताया। उन्होंने कहा कि आज शान्ति के इस देश में अशान्ति फ़ैल रही है और अराजकता का माहौल तैयार किया जा रहा है। बिना नाम लिए उन्होंने कहा कि अहिंसा परमो धर्म के देश को हिंसा परमो धर्म के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है जो देश के लिए घातक है। पुरोहित ने कहा कि जिस प्रकार नेपाल में सरकार के खिलाफ युवाओं ने मोर्चा खोला था ऐसा माहौल बनाना चाहते। लेकिन कांग्रेस ऐसा नहीं चाहती कि देश में अराजकता का और हिंसा का माहौल बने।इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष गौरधन सैनी, सैनी महापंचायत राजस्थान के प्रदेश सचिव राजेश कुमार सैनी,रजनीश पुरोहित,ब्लॉक अध्यक्ष भीमसिंह गुर्जर, मण्डल अध्यक्ष मुकेश सैनी नेताजी, सेवादल के जिला सचिव डॉ रमेश चन्द यादव, डॉ नरेश सैन, रोशनलाल सैनी, भूपसिंह सुरेला,नगर अध्यक्ष राहुल आर्य, रणवीर डोई,साँवत राम चनेजा, अभिषेक मीणा, पवन योगी, सेवादल के विधानसभा अध्यक्ष दिनेश यादव, राजीव गाँधी पंचायत राज संगठन के अजय यादव गुरूजी, राधेश्याम यादव, सुमेर नाहरवाल सहित अनेक कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## विश्व में भारत के सबसे लोकप्रिय नेताओं में गांधी जी शुमार : शेखावत



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित गाँधी पार्क में विधायक देवीसिंह शेखावत के नेतृत्व में राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सभी उपस्थित भाजपाईयों ने गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तो वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बोलते हुए विधायक देवीसिंह शेखावत ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी और पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री दोनों ही अहिंसा के पुजारी थे। विश्व में भारत के नेताओं में किसी की ज्यादा पहचान है तो वे हैं महात्मा गाँधी !जिनकी समाधी पर विश्व के राष्ट्राध्यक्ष आते हैं और पुष्पांजलि देकर उन्हें नमन करते हैं। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री भी कम नहीं जिन्होंने गरीबी में जन्म लेकर इतनी उच्चाईयों को छुआ और जय जवान जय किसान का नारा दिया। उनकी बदौलत ही भारत में किसान और जवान के महत्व को जाना जाने लगा।इस मौके पर भाजपा अलवर उत्तर के जिला उपाध्यक्ष सज्जन मिश्रा,व्यापार मण्डल के अध्यक्ष महावीर बालासिया,बबलू बाल्मीकि, हीरालाल सिरोहीवाल, जिला भाजपा प्रवक्ता एडवोकेट नरेन्द्र चौधरी,एडवोकेट अभिमन्यु चौधरी,अग्रवाल समाज के कोऑर्डिनेटर अनील सिंघल, ओमप्रकाश मोगर,हरिसिंह सैनी,डीपी यादव,भाजपा नेत्री मंजू भारद्वाज,हेमलता सिसोदिया,संकेत लाटा सहित अनेक भाजपा कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

## 1200 बंदियों को रामनवमी पर माता रानी का भोग लगाकर खाना खिलाया



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** मानवाधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा रामनवमी पावन पर्व पर अलवर केंद्रीय सेंट्रल कारागाह पर सभी करीब 1200 बंदियों को रामनवमी पर माता रानी का भोग लगाकर खाना खिलाया गया ।इस कार्यक्रम आयोजन के संयोजक राजस्थान प्रेसिडेंट गोपाल जायसवाल द्वारा बताया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस जेल अधीक्षक सविंद्र शर्मा जेलर सचिन कसाना जेल स्टाप प्रशासन एवं संगठन के सभी पदाधिकारी शामिल रहे,, इस कार्यक्रम आयोजन में पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी का मान सम्मान किया गया। दशरथ सिंह शेखावत बॉबी नरूला संगीता सिंह रमेश जुनेजा हिमांशु शर्मा अजय मेठी महेश गॉड रिचा भारद्वाज एवं सभी सदस्य शामिल रहे।

## संघ शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों ने मनाया विजयादशमी उत्सव

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़ (अलवर)।** संघ शताब्दी वर्ष पर स्वयंसेवकों ने गुरुवार को विजयादशमी उत्सव मनाया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजगढ नगर के कार्यवाह सुरेश खण्डेलवाल ने बताया कि नगर में अंबेडकर बस्ती, प्रताप बस्ती, शिव बस्ती में स्वयंसेवकों एवं सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता, गणमान्य लोग तथा माता बहनों ने मिलकर विजयादशमी उत्सव धूमधाम से मनाया। 5 अक्टूबर को विवेकानंद पार्क (गांधी पार्क), राजगढ पर दोपहर 3 बजे विशाल पथ संचलन निकाला जाएगा। पथ संचलन विवेकानंद पार्क से शुरू होकर माचाड़ी चौक,चौपड़ बाजार, गोल सर्किल, सराय, बस स्टैंड, कुम्हार मोहल्ला, गणेश पोल से होते हुए वापस विवेकानंद पार्क पहुंचेगा। इसके पश्चात पार्क में विशाल विजयादशमी उत्सव कार्यक्रम संघ के स्वयंसेवक, विभिन्न संगठन के कार्यकर्ता, गणमान्य लोग, माता बहनों के साथ मनाया जाएगा। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के टहला खंड पर विजयदशमी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ के प्राचार्य कन्हैया लाल मीणा रहे। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि टहला सरपंच प्रेमबाला शर्मा तथा बालक नाथ महाराज का संत सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, प्रभु श्रीराम एवं शस्त्र पूजन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता जिला कार्यवाह वेदप्रकाश शर्मा रहे। उन्होंने अपने उद्बोधन में विजयादशमी एवं शक्ति पूजा का ऐतिहासिक महत्व बताया। साथ ही पंचप्रण के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों पर विजय प्राप्त करने का संकल्प दिलवाया। जिसके अंतर्गत कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व का जागरण, पर्यावरण संरक्षण एवं नागरिक शिष्टाचार के पालन का आग्रह किया।

गायत्री परिवार

# युवाओं ने सम्पन्न की इक्यावन लाख गायत्री मंत्र जप की पूर्णाहुति

बढ़ता राजस्थान



अलवर (का.स.)। पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने विचार क्रान्ति अभियान चलाकर मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण का उदघोष किया। जिसकी उपलब्धि के लिए उन्होंने सप्त आंदोलन अभियान की शुरुआत की। पण्डित श्रीराम शर्मा आचार्य जी ने साधना को सभी अभियानों की धुरी बताया है और इसी के माध्यम से नये समाज मेंए नये विश्व की नई पीढ़ी में सुसंस्कारों का बीजारोपण सम्भव होगा।

इन्हीं लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए गायत्री महामंत्र की साधना को मूल आधार बताया। आचार्य जी के पदचिन्हों पर चलते हुए उनके लगभग पचास युवा शिष्यों ने गायत्री साधना को परिवर्तन का आधार मानते हुए दिनांक 2 जुलाई 25 से आज दिनांक 2 अक्टूबर 25 तक नब्बे दिनों में इक्यावन लाख गायत्री महामंत्रों का जप किया। विशेष तौर पर इस अभियान में 18 से 45 वर्ष तक के युवा वर्ग के साधकों स्त्रीएपुरुषों ने भाग लिया। इस दौरान प्रातः सूर्योदय पर सूर्यदेव भगवान एवं तुलसी जी के पौधे को अर्घ्य देना तथा सांयकाल गायत्री माता की आरतीए चालीसा एवं नाद योग साधना का क्रम बनाया गया। दशहरे के पर्व पर गायत्री शक्तिपीठ अलवर पर युवा प्रकोष्ठ दिव्य भारत युवा संघ के द्वारा पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ सुबह 8 बजे प्रारम्भ हुआ। जिसमें पचास से अधिक युवा साधकों ने गायत्री महामंत्रए महामृत्युंज मंत्र तथा दशहरे पर्व की विशेष आहुतियां प्रदान कर अपनी.अपनी पूर्णाहुति सम्पन्न की। वर्तमान में पैदा हुए वातावरण एवं पर्यावरण के असंतुलनएअनास्था संकट से बचने के लिए तथा नैतिकए बौद्धिकए सामाजिक एवं आध्यात्मिक उत्थान के साथ साथ समाज के सभी वर्गों में आपसी भाईचारे, सामंजस्य, सामाजिक सरोकारों में वृद्धि के लिए समूह प्रार्थना की गई। यज्ञ के समापन पर युवा शुभम सैन ने अपना 27वां जन्मदिन भारतीय संस्कृति के अनुसार यज्ञ के माध्यम से मनाया,श्री मुरारी लाल शर्मा जी ने अपनी विभागीय सेवानिवृति के बाद गायत्री परिवार के लिए पूर्ण समयदान का संकल्प लेने पर गायत्री परिवार ट्रस्ट करौली कुण्ड अलवर ने साफा पहना कर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

# नाभि कलश में तीर चलाकर परंपरागत विधि से किया वध, परंपरागत रीति रिवाज से किया रावण का दहन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** 132वें राष्ट्रीय मेला दशहरा- 2025 के तहत रावण के कुनबे का बुद्धवार शाम को परंपरागत तरीके से दहन हुआ। भगवान लक्ष्मीनारायणजी की सवारी के साथ लाव लश्कर सहित पहुंचे कोटा रियासत के पूर्व महाराव इज्यराज सिंह ने पूजा-अर्चना के बाद रावण की नाभि के कलश को तीर से भेदा। इसके बाद अहंकारी रावण के कुनबे के साथ बुराई के अन्त होने का सिलसिला शुरु हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला थे। वहीं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, विधायक संदीप शर्मा, कल्पना देवी, महापौर राजीव भारती, मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन, प्रेम गौचर, रामेश्वर मीणा, पूर्व विधायक चंद्रकांता मेघवाल भी मौजूद रहे। रावण दहन के दौरान लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा था। मेला मैदान फेज 2 में करीब पौन घंटे रंगीन आतिशबाजी हुई। जिससे दर्शकों का रोमांच सातवें आसमान पर पहुँच गया। लोगों ने इन यादगार पलों को कैमरों में भी कैद किया। इससे पहले दिनभर रावण कुनबा मैदान में डटा रहा। इस बार 233 फीट के विशालकाय रावण का पुतला बनाया गया था। वहीं 60-60 फीट के कुंभकर्ण व मेघनाद के पुतलों का निर्माण किया गया।

गढ़ पैलेस में दरीखाने के बाद भगवान लक्ष्मीनारायण जी की सवारी दशहरा मैदान पहुंची। वहां पूर्व महाराव इज्येराज सिंह ने सीता माता के पाने और ज्वारे की पूजा की। रावण के अमृत कलश पर तीर चलाया। पूर्व महाराज इज्यराज सिंह के अमृत कलश फोडने के साथ ही 8.34 बजे रावण के कुनबे का दहन शुरू हुआ। उसके बाद एक-एक करके पुतलों का दहन किया गया। इस दौरान सबसे पहले रावण के छतरी में ब्लास्ट हुआ तो लोगों ने जय श्रीराम के नारों से प्रांगण को गूंजा दिया। इसके बाद मुकुट, टोपी, नक्काशी में भी बलास्ट होते गए। जिस पर हर कोई रोमांचित महसूस कर रहा था। साइड के चेहरों में भी कभी ऊपर तो कभी नीचे से चिंगारी निकलती रही। इसके अलावा रावण के बड़े चेहरे, मस्तक और ठोड़ी में आतिशी धमाकों ने रोमांच पैदा कर दिया। इसके बाद ढाल और कंधे में भी ब्लास्टिंग हुई। रावण की नाभि और चरणों में अग्नि प्रज्वलित होती देख हर कोई हतप्रभ था।

## 132वां राष्ट्रीय मेला दशहरा- 2025



## रावण दहन देखने उमड़ी भीड़

इस बार बने हुए 233 फीट ऊंचे रावण को देखने के लिए शहरवासियों के साथ ही दूर दूर से ग्रामीण भी आए थे। प्रदेश के विभिन्न स्थानों से भी रावण दहन देखने के लिए पर्यटक कोटा आए थे। बड़ी संख्या में लोग रावण की एक झलक पाने के लिए मेला परिसर में दिनभर पहुंचते रहे। हर कोई पुतले के साथ सेल्फी लेने की होड़ में था। हालांकि निगम प्रशासन की ओर से पुतले की सुरक्षा में जवान तैनात किए गए हैं। जो पुतले के आसपास बनी हुई परिधि में किसी को भी अंदर जाने से रोक रहे हैं।

### पॉल्यूशन फ्री और इको फ्रेंडली रावण दहन

पुतले में ग्रीन आतिशबाजी का प्रयोग किया गया था। जिससे रावण दहन पॉल्यूशन फ्री और इको फ्रेंडली रखने का प्रयास किया गया। इस दौरान फेज टू में की गई भव्य आतिशबाजी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। आसमान में तैरती रंग बिरंगी रोशनी से हर कोई हतप्रभ होकर देख रहा था। वहीं आसमान से गिरती हुई अशर्फियों को हर कोई कैमरे में कैद करने को आतुर नजर आ रहा था।

### एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि ने सीएम भजनलाल को सौंपा सर्टिफिकेट

मेला दशहरा- 2025 विजयादशमी का दिन ऐतिहासिक पृष्ठों में दर्ज हो गया। जहां विश्व के सबसे ऊंचे रावण के 233 फीट के पुतले का दहन हुआ। इस उपलब्धि के लिए कोटा का नाम एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हुआ। एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के प्रतिनिधि भुवनेश मथुरिया ने सीएम भजनलाल को विश्व कीर्तिमान में दर्ज किए जाने संबंधी सार्टिफिकेट सौंपा। इस दौरान सीएम भजनलाल ने उपलब्धि को लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की सोच बताया। उन्होंने इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए मेला समिति अध्यक्ष विवेक राजवंशी का अभिनंदन किया। इस ऐतिहासिक गर्व के पलों के हजारों लोग साक्षी बने। भुवनेश मथुरिया ने कहा कि एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड गत 19 वर्ष से रिकार्ड दर्ज करने का काम कर रही है। जिसका मुख्यालय वियतनाम में है। यह भारत सरकार से पंजीकृत हैं। अब तक इण्डिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में 40 हजार प्रविष्टियां दर्ज हैं।

# जमीअत उलमा ए राजस्थान के चुनाव सम्पन्न, कारी अमीन तीसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित



बढ़ता राजस्थान

**रामगंजमंडी/सीकर।** जमीयत उलमा ए राजस्थान की स्टेट गवर्निंग बॉडी की मीटिंग एक्सीलेंस स्कूल सीकर में आयोजित हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मौलाना रहमतुल्लाह कश्मीरी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य जमीअत उलेमा-ए-हिंद उपस्थित रहे यह मीटिंग जमीयत उलमा राजस्थान की प्रदेश इकाई के चुनाव हेतु आयोजित की गई , इसकी चुनावी प्रक्रिया में कल 250 सदस्यों ने भाग लिया,पर्यवेक्षक के रूप में राष्ट्रीय कार्यालय से पधारे मौलाना मोहम्मद आबिद क़ासमी दिल्ली,मुफ्ती सलीम साकरस, मौलाना मोहम्मद आलम कासमी उपस्थित रहे जिनकी देखरेख में लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुसार चुनावी प्रक्रिया को पूरा किया गया,चुनाव में अध्यक्ष पद पर तीसरी बार कारी मोहम्मद अमीन पोकरण निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा उपाध्यक्ष पद पर मौलाना मोहम्मद नोमान कासमी सवाई माधोपुर, मौलाना हबीबुल्लाह क़ासमी बाड़मेर, मौलाना मोहम्मद यूनुस क़ासमी सीकर, हाफिज़ मंज़ूर अली खान जयपुर निर्वाचित हुए एवं कोषाध्यक्ष पद पर मौलाना मोहम्मद सुल्ताना निर्वाचित हुए,मौलाना रहमतुल्लाह कश्मीरी ने अपने संबोधन में सभी कार्यकर्ताओं से ईमानदारी और सच्ची निष्ठा से जमीयत में काम करने की अपील की, अंत में कारी मोहम्मद अमीन की देश में अमन चैन और शांति की दुआ पर कार्यक्रम का समापन हुआ। मंच संचालन मौलाना असद क़ासमी सीकर ने किया।

# गांधी जयंती पर जागरूकता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भवानीमंडी(अब्दुल सलीम मंसूरी)।** माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन प्लान के अनुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ तथा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण झालावाड़ के निर्देशानुसार गुरुवार को अधिकार मित्र रामेश्वर पाटीदार ने भवानीमंडी न्यायक्षेत्र के ग्राम गरनावद में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शिविर का आयोजन किया। अधिकार मित्र ने गांधीवादी विचारधारा को जन -जन तक पहुंचाने हेतु जागरूक कर हमारे संविधान के मूल अधिकारों ओर कर्तव्यों की जानकारी दी। साथ ही नालसा व रालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और पंपलेट का वितरण किया।

# दरिखाने की रस्में हमारे इतिहास, परम्परा व धर्म की पहचान - इज्यराज सिंह

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा मे आयोजित होने वाले दशहरे-विजयदशमी के अवसर पर गढ़ पैलेस में रियासत कालीन दरीखाने की रस्म आयोजित की गई । इस कार्यक्रम में हाड़ौती के सभी ठिकानेदार और राज परिवार के सदस्य परंपरागत वेशभूषा में पहुंचे। इस दौरान पूर्व महाराव इज्यराज सिंह और उनके पुत्र महाराज कुमार जयदेव सिंह से लोगों ने दशहरे की रामा-श्यामा की। इस दौरान लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर, विधायक संदीप शर्मा सहित कई विशिष्ट लोग पहुंचे। दरीखाने में महिलाओं के लिए अलग से व्यवस्था की गई। शुद्धाद्वैत प्रथम पीठ श्री बड़े मथुराधीश मंदिर से प्रसाद की पोटली व बीड़ा प्रथम पीठ युवराज मिलन कुमार बाबा के प्रतिनिधि मोनू व्यास ने पूर्व महाराज इज्यराज सिंह को सौंपा। दरिखाने के परम्परानुसार पूर्व दरबार महाराज इज्यराज सिंह ने सभी को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि हमारी जिम्मेदारी है कि हमारी आने वाली व वर्तमान पीढ़ी, को हमारे कोटा के इस वैभवशाली परंपरा के बारे में बताएं आने वाली पीढ़ियां यह बात जानकर गर्भ काम हो करेगी कि हमारा कोटा सदियों से ऐसी धार्मिक परंपराएं निभाता रहा है । महाराज दुर्जन साल के समय से चली आ रही परंपरा कोटा के पीढी दर पीढी शासको द्वारा भी और भव्य रूप से मनाते चली आ रही है।

# राष्ट्रीय बजरंग दल ने किया कन्या व शस्त्र पूजन



बढ़ता राजस्थान

**इटावा/कोटा (विनोद गौड़)।** नवरात्र की नवमी के दिन कन्या पूजन धार्मिक शास्त्रों का पूजन एक साथ किया गया कोटा ग्रामीण अंचल में कन्याओं का पूजन किया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल कोटा ग्रामीण जिला अध्यक्ष बुद्धि प्रकाश गौड़ ने बताया कि धार्मिक शस्त्रों जिसमें तलवार फरसा त्रिशूल व भाला आदि को पूजन स्थल पर मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन किया गया। पीपल्दा तहसील में राष्ट्रीय बजरंग दल ग्राम पंचायत तलाव मै बुधवार को बिजासन माता मंदिर पर राष्ट्रीय बजरंग दल के सभी बजरंगियों द्वारा शस्त्र पूजन व कन्या पूजन किया गया जिसमें सभी ग्रामों से सम्मिलित रहे राम बाल युवा मंडल जय भवानी मंडल और राष्ट्रीय बजरंग दल अध्यक्ष मुकेश कुमार धाकड़ उपाध्यक्ष,कुलदीप सिंह कुशवाहा कोषाध्यक्ष, दिनेश खंगार महामंत्री, बद्री लाल धाकड़ मंत्री ,राधावल्लभ धाकड़ नगर प्रमुख , पवन कुमार शर्मा ,साब लाल सुमन ,चेतन कुशवाह ,बिट् ,विश्वास ,ओमप्रकाश धाकड़ सरपंच प्रतिनिधि किशन गोपाल धाकड़ ,जानकी लाल, धाकड़, मंदिर के पुजारी, रामकिशन सुमन व सभी ग्राम सनातनी सम्मिलित हुए बड़े जोर और शोर से कन्या पूजन व शस्त्र पूजन किया गया संगठन के विस्तार पर विशेष चर्चा हुई।

# नान्ता में पैरों तले रौंदा गया अहंकारी रावण

बढ़ता राजस्थान




**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा के नांता गाँव में रावण वध का अनूठा आयोजन संपन्न हुआ। अखाड़े की मिट्टी को इक_ा करके बनाएं गये रावण के विशाल पुतले को विजयदशमी के दिन पहलवानो ने पैरो से मार-मार कर वध कर दिया। रावण वध के पूर्व माता लिंबजा की आराधना की गई नवरात्र के 9 दिन चली इस लंबी आराधना के बाद दशमी के दिन सुबह से ही विशेष पूजा अर्चना प्रारंभ कर दी जाती है। रावण वध के समय करीब 50 से भी अधिक युवाओं व बच्चों ने मिलकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। सोहन जेठी ने बताया कि प्रातः 10:00 बजे पूजा अर्चना करने के बाद श्री राम का नाम लेकर माता लिंबजा की शक्ति से समाज के युवा और बच्चे इस अहंकारी रावण का पुतले के रूप में बनाए गए रावण पर धावा बोल दिया, तथा पैरों से मार मार कर रावण का सिर नष्ट कर दिया। यह एहसास दिलाता है कि प्रत्येक धरती पर जन्म लेने वाला व्यक्ति कितना भी बलशाली हो वह प्रभु की महिमा के सामने केवल मात्र मिट्टी है। इस मिट्टी के शरीर पर अहंकार करना उचित नहीं इसीलिए मिट्टी से बने शरीर को मिट्टी में ही मिल जाना होता है। समाज के बुजुर्ग, त्रिलोक जेठी ने बताया कि करीब 200 वर्ष पुरानी परंपरा आज भी समाज के युवाओं द्वारा निभाई जा रही है । उदयपुर राजघराने से कोटा राजघराने तक का हमारा सफर और यह परंपरा अब हमारी एक विशेष पहचान बन चुकी है । निमेष जेठी ने बताया कि प्रकृति प्रेम के साथ-साथ धर्म और ईश्वर में अटूट आस्था का प्रतीक बन चुका हमारा त्यौहार समाज के द्वारा मनाया जाता है।

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयन्ती पर मिनी सचिवालय में आयोजित हुआ कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ (नि.स.)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस के अवसर पर गुरूवार को जिला मुख्यालय पर मिनी सचिवालय स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा परिसर में माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर अनुराग भार्गव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीणा सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस दौरान जिला कलक्टर ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने विश्व को शांति, अहिंसा एवं सत्य का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि आज के युवा अगर गांधी जी के सादगी पूर्ण जीवन का अनुसरण करते हैं तो उनका जीवन खुशहाल होगा। उन्होंने कहा कि सभी ये प्रण लें कि हम बापू के सिद्धान्तों पर चलेंगे तथा सभी लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर स्काउट गाइड के सीओ स्काउट रामकृष्ण शर्मा एवं कृष्ण मोहन देवड़ा के नेतृत्व में रामधुन, गुरू वन्दना, हर देश में तू एवं गांधी जी के अन्य प्रिय भजनों का गायन किया गया। इस दौरान दो मिनट का मौन भी रखा गया। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी भीम सिंह जाट, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पवन पाटीदार, बालचंद शास्त्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक रामनिवास यादव, शारीरिक शिक्षक अलीम बेग सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारी, स्काउट व गाइड आदि मौजूद रहे।

# पिड़ावा की ग्राम पंचायत गैलानी में जनसुनवाई आज

बढ़ता राजस्थान

**झालावाड़ (नि.स.)।** त्रिस्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत आमजन की समस्याओं की सुनवाई एवं उनके निस्तारण के लिए 03 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे पंचायत समिति पिड़ावा (सुनेल) की ग्राम पंचायत गैलानी में ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत गुलखेड़ी व उन्हैल भी जनसुनवाई के दौरान वीसी के माध्यम से जुड़ेंगी। जनसुनवाई की मॉनिटरिंग वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से मुख्य सचिव महोदय के कार्यालय से की जाएगी। इस दौरान संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, विकास अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

# लोकतंत्र की हत्या करना भाजपा और प्रशासन की आदत

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा मे एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष की गिरफ्तारी से जवाहर नगर थाने मे हँगामा हो गया। मामला राजस्थान विश्वविद्यालय में आरएसएस संगठन के कार्यक्रम से जुड़े विरोध प्रदर्शन का था। थाने पहुंची प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी की महासचिव राखी गौतम ने कहा कि शांतिपूर्वक तरीके से विरोध कर रहे एनएसयूआई के प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ एवं अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद उनकी रिहाई की मांग को लेकर कोटा में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा एवं पदाधिकारियों द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा था।

लेकिन पुलिस ने रिहाई की मांग को लेकर किए जा रहे प्रदर्शन पर जिलाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों को ही हिरासत में ले लिया।

राखी गौतम ने मौके पर जवाहर नगर थाने पर पहुंचकर एनएसयूआई पदाधिकारियों से मुलाकात कर उनका हौसला बढ़ाया गौतम ने कहा कि लोकतंत्र में धरना , प्रदर्शन अनशन अपनी बात सरकार के सामने रखने के लोकतांत्रिक तरीके है और आज भी कोटा के एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विशाल मेवाड़ा अपने एनएसयूआई पदाधिकारियों , कार्यकताओं के साथ प्रदर्शन कर सरकार के सामने संगठन के पदाधिकारियों की रिहाई की बात रख रहा था ।पुलिस प्रशासन को राज्य सरकार के ईशारे से प्रदर्शन कर रहे छात्र नेताओ और छात्रों पर बल प्रयोग करने, गिरफ्तार करने के बजाय की उनकी बात सुनकर समाधान निकालना चाहिए था ।

**आरएसएस का कार्यक्रम अनुचित :** गौतम ने सारे विवाद का कारण आरएसएस का कार्यक्रम बताते हुए कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय में आरएसएस द्वारा शस्त्र पूजन का आयोजन करना ना केवल अनुचित, बल्कि घोर निंदनीय है। आरएसएस ने शिक्षा के मंदिर को राजनीतिक रंग में रंगने का दुस्साहस किया है। इसका विरोध करने पर हस्ड्ढ कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठियां चलाकर छात्रों की आवाज़ दबाने की कोशिश की ।इस दौरान यूथ कॉंग्रेस प्रदेश महासचिव एवं पार्षद अनुराग गौतम , महिला कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पार्षद शालिनी गौतम, स्वप्निल शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष जोगेंद्र बीरवाल, जयेश श्रृंगी सहित कॉंग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय दशहरा मेला-2025

# मीरा रंगमंच पर दसवें दिन दिखा कला और संस्कृति का अनूठा संगम

- **डीएस इंटरटेनमेंट के बैनर तले आयोजित कार्यक्रम ने देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा**

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा(नि.स.)।** नगर परिषद निम्बाहेड़ा के द्वारा मेला आयोजन समिति के संरक्षक, पूर्व यूडीएच मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के निर्देशन में आयोजित 11 दिवसीय राष्ट्रीय दशहरा मेला के दसवें दिन मीरा रंगमंच पर बुधवार की रात एक रंगारंग सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। डीएस इंटरटेनमेंट उज्जैन के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित मेलार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर परिषद आयुक्त कौशल कुमार खटूमरा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत एंकर खुशबू कपूर के स्वागत संबोधन और जोशीले अंदाज से हुई, जिन्होंने पूरे कार्यक्रम के दौरान अपने प्रभावी संचालन से दर्शकों को बांधे रखा। इसके बाद एक्ट्रेस एवं प्लेबैक सिंगर अमिका शेल ने अपनी मधुर आवाज में लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का दिल जीत लिया। उनके सुरों ने मंच और दर्शक दीर्घा दोनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इसी कड़ी में इंडियन आयडल फेम महेश मोयल और सारेगामापा फेम सिंगर ने अपनी दमदार गायकी से कार्यक्रम में और उत्साह भर दिया। मोयल की गायकी में जहां रूमानी स्पर्श था, वहीं उनकी ऊर्जावान प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को बार-बार तालियां बजाने पर विवश किया, इसके साथ ही दिल्ली की चर्चित आइटम परफॉर्मर सेम ने अपने दमदार डांस परफॉर्मेंस से मंच पर ऊर्जा का संचार कर दिया। भोपाल से आए डांस ग्रुप ने भी शानदार कोरियोग्राफी के साथ समूह नृत्यों की प्रस्तुतियां देकर समां बांध दिया। रातभर चले इस सांस्कृतिक समारोह में हजारों मेलार्थी मौजूद रहे जिन्होंने तालियों और हूटिंग से कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के अंत तक दर्शकों की भीड़ जमी रही और हर प्रस्तुति का भरपूर आनंद लिया गया।

### सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलित कर की कार्यक्रम की शुरुआत

राष्ट्रीय दशहरा मेला के दसवें दिन मीरा रंगमंच पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ नगर एवं क्षेत्र की प्रमुख सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के अध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। आरम्भ में श्री कल्लाजी वेदपीठ के कैलाश मूंदड़ा, लायंस क्लब के नानालाल भूतड़ा, महावीर इंटरनेशनल के विकास पटवारी, वीरा केन्द्र पद्मिनी सरोज ढेलावत, अनिता सोनी, प्रीति खेरोदिया, सर्व व्यापार मंडल पुष्कर सोनी, हेल्पींग हेंड सोसायटी निश्चल नाथ, प्रबुद्ध नागरिक सेवा संस्थान मांगीलाल मेनारिया, पेंशनर समाज यशवंत राव कदम, तेजस्वनी क्लब वर्षा कृपलानी, श्रीराम सेवा संस्थान मदनलाल सुखवाल, श्री सेवा संस्थान बालमुकुंद राठी, पल्लवन संस्था कुलदीप सिंह झाला, समाजसेवी महेश गोयल, कुलदीप नाहर आदि सहित विभिन्न समाजसेवी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्वलन एवं मां शेरावाली के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

## सामूहिक रूप से देवी प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर में शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा को दो दर्जन से अधिक स्थानों पर देवी माता की सामूहिक स्थापना की गई थी। गुरुवार को विधि विधान के साथ विज्यादशवी पर इन देवी प्रतिमाओं को पूर्णाहुति हवन यज्ञ और भोग-प्रसादी के वितरण के बाद विदाई यात्रा के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बसेड़ी रोड स्थित भूतेश्वर पार्वती नदी ले जाया गया। जहां नदी में इनका विधि-विधान के साथ विसर्जन किया गया है।

**दो दर्जन से अधिक स्थानों पर हुए सामूहिक आयोजन :** शहर के बसेड़ी रोड, मलक पाड़ा, कीड़ी मोहल्ला,अजीजपुरा, परदेसिया मोहल्ला, सुनार गली, कायस्थ पाड़ा, हथियापोर, कहार गली, मलाई कुआं सहित कई स्थानों पर देवी माता की सामूहिक स्थापना की गई थी। जहां 10 दिन तक देवी माता की सुबह शाम आरती के साथ धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। नवमी को माता की कन्याओं को भोज कराया गया साथ में छप्पन भोग की प्रसादी लगाई गई। इस दौरान सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन हुआ। विजय दशमी को देवी माता की प्रतिमाओं को विदाई यात्रा के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बसेड़ी रोड स्थित पार्वती नदी में विसर्जन किया गया।

### भरतपुर के गांधी पार्क में सर्व धर्म सभा का हुआ आयोजन

# गांधीजी और शास्त्रीजी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित

**भरतपुर(यतेन्द्र पाण्डेय)।** महात्मा गांधी के बताएं मार्ग पर चलते हुए जीवन में सत्य अहिंसा को अपनाने तथा स्वच्छता के पैगाम को जन-जन तक पहुंचाने का हमें कार्य करना चाहिए। अपने दैनिक जीवन में गांधी जी के आदर्श सत्य एवं अहिंसा को अपनाना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर अहिंसा के पथ पर चलना चाहिए, जिससे आपसी प्रेम और सौहार्द एवं भाईचारा बना रहे। यह कहना है जिला कलेक्टर कमर चौधरी का। जिला कलेक्टर कमर चौधरी गुरुवार 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन अवसर पर अपना उद्बोधन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधीजी एवं शास्त्री जी के सिद्धांत और आदर्शों को युवा पीढ़ी को आत्मसात करना चाहिए। कार्यक्रम के शुभारंभ पर जिला कलक्टर कमर चौधरी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर सर्व धर्म प्रार्थना सभा का शुभारंभ किया। सभी ने दोनों महापुरूषों को याद करते हुए उनके विचारों को अपनाकर देश की उन्नति में भागीदार बनने का संकल्प लिया।



### साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल...

स्कूली बच्चों ने गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए जे पीर पराई जाने रे', रघुपति राघव राजाराम, तू ही राम है, हे राम हे राम, 'दे दी हमें आजादी बिना खड़ग बिना ढाल', 'साबरमती के संत तूने कर दिया कमाल' एवं 'धर्म वो ही एक सच्चा' गुरु महिमा, नाम धुन गीत एवं शांति पाठ,प्रार्थना प्रस्तुत की।

**सूचना केन्द्र पर सर्व धर्म सभा का आयोजन :** महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय भरतपुर स्थित सूचना केंद्र पर सर्व धर्म सभा कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना 'तू ही राम है तू रहीम है तू करीम कृष्ण खुदा हुआ' से किया गया। गांधी जी के प्रिय भजन 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' का एवं रामधुनी का प्रस्तुतीकरण भी किया गया तथा परंपरागत तरीके से प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ।जिला कलक्टर ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश में अछूत उद्धार के साथ जनमानस को सफाई का महत्व भी बताया।

## बाड़ी में सफाई कर्मियों का किया सम्मान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** शहर के महात्मा गांधी पार्क में गुरुवार को नगर पालिका और उपखंड प्रशासन द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए और शहर की नगर पालिका के कर्तव्य



निष्ठ सफाई कर्मियों का मंच से प्रशस्ति पत्र देकर और माल्यार्पण कर सम्मान किया गया। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने अपने संबोधन में बताया कि महात्मा गांधी ने किस प्रकार आजादी के लिए अपना योगदान दिया और अंत में देश के लिए बलिदान हो गए। वही लाल बहादुर शास्त्री की सादगी और देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान होने के बावजूद हर वर्ग और तबके का ध्यान रखते हुए किसानों के लिए किए गए कार्यों की चर्चा और सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूली बालिकाओं द्वारा महात्मा गांधी की प्रिय राम धुन सुनाई गई।

### अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस पर कार्यक्रम

## वृद्धजनों का अपना घर सेवा समिति ने किया सम्मान



**बाड़ी (राजू शर्मा)।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर अपना घर सेवा समिति बाड़ी की पुरुष और महिला इकाई द्वारा दोनों ने संयुक्त रूप से वृद्ध जन सम्मान समारोह सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें बाड़ी और आसपास के गांव के 75 वर्ष से ऊपर के सभी कौमों के 55 पुरुष और महिला वृद्ध जनों को समिति के सदस्यों के द्वारा पटुका,सोल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले वृद्ध जनों में उमाशंकर कपरेले, राम भरोसी गोयल, महेश श्रीवास्तव, भारत भूषण शर्मा, संतोष जमादार, रामचरण कुशवाह, रामगोपाल शर्मा, रामजीलाल चौहान, कालीचरण कोली, हामिद खान, जगन्नाथ प्रसाद गौड, रामचरण प्रजापति, रामजीलाल सेन ,राम सिंह नागर, झम्मन पान वाले, कृष्ण कुमार वर्मा, कमला बंसल, मीरा मित्तल, तारा देवी शिवहरे और अनार देवी आदि वृद्ध जन शामिल थे। सम्मानित होने के बाद सभी वृद्ध बहुत प्रसन्न थे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि गोविंद सिंह मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमें बुजुर्गों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए उनका सम्मान करना चाहिए। समिति के संरक्षक सुनील गर्ग कंपनी परिवार ने कहा की बुजुर्ग हमारे लिए देवतुल्य अतः उनका आशीर्वाद लेते रहना चाहिए। अपना घर आश्रम की पूर्व अध्यक्ष कमलेश आर्य ने कहा कि बुजुर्ग परिवार रूपी पौधे की जड़ के समान है। अपना घर सेवा समिति के अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ने समिति का एक वर्ष का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमें बुजुर्गों के अनुभवों से प्रेरणा लेनी चाहिए और उनके अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए। महिला इकाई अध्यक्ष ऊषा मित्तल ने कहा कि जिस घर में बुजुर्ग रहते हैं वहां कष्ट नहीं आते ।

## जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर ने भी गांधी-शास्त्री को याद किया

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** जिला कांग्रेस कमेटी धौलपुर द्वारा गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला कांग्रेस कार्यालय, महाराणा स्कूल के सामने आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों के अध्यक्ष-पदाधिकारी, विभाग प्रकोष्ठों के अध्यक्ष-पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष-पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, बूथ स्तरीय कार्यकर्ता



एवं जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हम सबके मार्गदर्शक एवं प्रेरणा स्रोत थे। उनका राष्ट्र निर्माण में योगदान अविस्मरणीय है। उन्होंने आह्वान किया कि हमें महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने कहा कि देश की महान विभूतियों की जयंती पर हमें उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने के संकल्प को दोहराना चाहिए, यही सच्ची पुष्पांजलि होगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव धर्मेंद्र शर्मा और अमित मुद्गल ने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री महान देशभक्त थे, जिन्होंने देश के नव-निर्माण की नींव रखी।

## स्वदेशी कपड़े खरीदने का संदेश भी दिया



**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय्)।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर रघुनाथ सेठ बाग में प्रतिमा पर धीरज पांडे शहर मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया व सेठ रघुनाथ बाग में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई की। मोदी जी के नेतृत्व में चलाए जा रहे वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत खादी भंडार जाकर स्वदेशी कपड़े खरीदे इस मोके पर विधायक बहादुर सिंह कोली रहे। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक बहादुर सिंह कोली ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के जीवन पर परिचय पीआर प्रकाश डाला लोकल फिर वोकल अभियान के बारे में कार्यकर्ता को अवगत कराया इस मौके और सुनीता प्रकाश जाटव भुसावर शहर मंडल धीरज पांडे उदल अमोली भूपेश पांडे खेम पांडे कुलदीप शर्मा गौरव सैनी छोटू जागिद अमरेश पंडित चैनसिंह सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मानवता की मिसाल : पारसमल गैलड़ा का मरणोपरांत नेत्रदान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** महावीर नगर निवासी 72 वर्षीय स्व. पारसमल गैलड़ा जैन ने मरणोपरांत नेत्रदान कर समाज में मानवता और परोपकार की अनूठी मिसाल कायम की। यह पुनीत कार्य भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा और तेरापंथ युवक परिषद राजसमंद के संयुक्त सहयोग से सम्पन्न हुआ।

रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा के मानद सचिव बृजलाल कुमावत ने बताया कि नगर परिषद सभापति अशोक टांक की प्रेरणा तथा गैलड़ा परिवार की पुरानी नेत्रदान परम्परा को निभाते हुए यह नेत्रदान किया गया। गुरुवार को अंतिम संस्कार से पहले आरएनटी मेडिकल कॉलेज एवं एमबी हॉस्पिटल, नेत्र विभाग



आई बैंक सोसायटी राजस्थान की टीम ने नेत्र उत्सर्जन की प्रक्रिया पूरी की।इस अवसर पर सभापति अशोक टांक, डॉ. पलक सिंगल, मानद सचिव बृजलाल कुमावत, तकनीशियन नंदिनी व अनिल, ओमप्रकाश मंत्री, अशोक डूंगरवाल, विजय बहादुर जैन, भूपेश धोका, रमेश चौरडिया, एमएल पटेल, रूपचंद, विनोद कुमार हरनावा, सुनील कुमार, अनिल, दीपक सहित परिवारजन उपस्थित रहे। पारसमल गैलड़ा के इस महान दान से दो व्यक्तियों की आंखों में उजाला लौटेगा। यह प्रेरणादायक कदम समाज में अंगदान और नेत्रदान की भावना को बढ़ावा देगा।

## जनसंवाद में पोक्सो अधिनियम की दी जानकारी

**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** राजस्थान पुलिस द्वारा राज्यव्यापी ऑपरेशन जागृति चरण-04 के तहत उदयपुर रेंज के सभी जिलों में पोक्सो अधिनियम पर आयोजित जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को गांधी जयंती के अवसर पर विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। पुलिस महानिरीक्षक श्री गौरव श्रीवास्तव के निर्देशन में उदयपुर रेंज पुलिस और यूनिसेफ राजस्थान




के सहयोग से संचालित पुलिसिंग फॉर केयर ऑफ चिल्ड्रन कार्यक्रम अंतर्गत मनाए जा रहे जागरूकता सप्ताह के तहत राजसमंद में पॉक्सो अधिनियम की जानकारी देने के लिए जागरूकता रैली निकाली गई। पुलिस अधीक्षक डॉ. ममता गुप्ता के निर्देशन में आयोजित इस रैली को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री रजत विश्नोई ने रवाना किया। उन्होंने इस रैली के माध्यम से बच्चों को यौन शोषण से बचाने के लिए निहित संदेश को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही और इस सप्ताह के तहत आयोजित गतिविधियों के माध्यम से बाल संरक्षण के प्रति हर वर्ग को जागरूक होकर भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

## अंडर-17 छात्रा रग्बी टीम क्वाटर फाइनल में पहुंची

**राजसमंद(सुरेश बागोरा)।** शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित हो रही राज्य स्तरीय 17/19वर्ष छात्र-छात्रा रग्बी फुटबॉल प्रतियोगिता मे राजसमंद17वर्ष छात्रा वर्ग टीम ने प्री क्वाटर फाइनल मैच भीलवाड़ा को 19-0 से हरा कर क्वाटर फाइनल मे प्रवेश किया अपने अपने मैच जीत कर अगले दौर मे प्रवेश किया है। नितिन तिवारी के अनुसार जयपुर के महात्मा गांधी राजकीय रेजिडेंसी विद्यालय सी स्कीम के तत्वाधान मे सवाई मान सिंह स्टेडियम के फुटबॉल मैदान पर चल रही रग्बी प्रतियोगिता मे राजसमंद 17वर्ष छात्रा वर्ग मे टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पायल गुर्जर, खुशी व कविता कुमारी के ट्राई की बदौलत भीलवाड़ा को 19-0 से हरा कर क्वाटर फाइनल मे पहुंची। इसी तरह 19वर्ष छात्र वर्ग की टीम भी अपना मैच जीत कर प्री क्वाटर फाइनल मे पहुंच चुकी है। टीम के इस प्रदर्शन पर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम गोड़,जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक बिहारी लाल, शिव कुमार व्यास,उप जिला शिक्षा अधिकारी शारीरिक शिक्षा बाल मुकुंद वैष्णव, मुकेश पालीवाल,अंतराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाडी चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी, अजय सोनी, पंकज कोठारी, डॉ ललित दाधीच, दीन दयाल त्रिवेदी, मनोज त्रिवेदी, हेम सिंह राजसमंद रग्बी फुटबॉल संघ के जय सिंह चुण्डावत, मनोज भारद्वाज, अजय नरानिया, अनिल जिनगर, कुलदीप जोशी, राजेंद्र सुथार, अभिषेक जोशी ने टीम को आगामी मैचों के लिए शुभकामनायें दी।

### सेवा पखवाड़े के अंतर्गत बांसा में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर

# कांग्रेस का काम सिर्फ जनता में भ्रम फैलाना -रामलाल शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**चौमू (दिनेश कुमार कुमावत)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत भाजपा बांसा मंडल कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने शिरकत की और रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।रक्तदान शिविर में 53 यूनिट रक्तदान हुआ और समाज के प्रति अपना योगदान दिया। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ जनता में भ्रम फैलाने का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अभी वोट चोरी का आरोप लगा रही है, यदि वोटो की



ही चोरी होती तो चौमूँ , आमेर, शाहपुरा और फुलेरा में कांग्रेस की सीट कैसे आती। कांग्रेस जहाँ चुनाव जीतती है वहाँ अपनी कामयाबी बताती है और जहाँ चुनाव हारती हैं वहाँ ईवीएम पर या वोट चोरी करने का झूठा आरोप लगाती है। बांसा अध्यक्ष शंकर लाल गागोरिया ने कहा कि इस रक्तदान शिविर का उद्देश्य रक्तदान को बढ़ावा देना और समाज में जागरूकता फैलाना था। इस रक्तदान शिविर के आयोजन से समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी और लोगों को इसके महत्व के बारे में पता चलेगा। इस अवसर पर सामोद थानाधिकारी हनुमान, फतेहपुरा सरपंच बाबूलाल गुर्जर, कुशलपुरा सरपंच प्रतिनिधि मांगीलाल शर्मा, पंचायत समिति सदस्य मुकेश शर्मा, पूर्व फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, शिविर के संयोजक बाबूलाल, श्याम शर्मा, पुखराज गुर्जर, श्रवण शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश चतुर्वेदी, भाजपा बांसा मंडल के महामंत्री जमन लाल सैनी, महेश योगी सहित मंडल पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## धौलपुर में देसी कट्टे-कारतूस जब्त, 2 अरेस्ट,

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर (राजू शर्मा)।** धौलपुर जिले की कौलारी थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को डिटेन किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध कट्टे और दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश और वृत्ताधिकारी सैपऊ अनूपसिंह के सुपरविजन में यह अभियान चलाया गया। थानाधिकारी हरेन्द्रसिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सूचना पर साधू की मढ़ी से पाटे का पुरा जाने वाले रास्ते पर बंद ट्यूबवेल के पास घेराबंदी की।

पुलिस टीम ने मौके से अजय कुमार (21) पुत्र केदारसिंह, निवासी ठेकली, थाना कौलारी, धौलपुर और एक विधि से संघर्षरत बालक को पकड़ा। उनके पास से दो अवैध कट्टे 315 बोर, दो जिंदा कारतूस 315 बोर और एक हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल जब्त की गई। इस संबंध में कौलारी थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अजय कुमार और नाबालिग से पूछताछ कर रही है। उनसे क्षेत्र में हुई फाइनेंस कर्मियों से लूट की घटनाओं के बारे में भी जानकारी जुटा जा रही है।

## महात्मा गांधी की जयंती पर नपा कपासन में सफाई मित्रों को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** नगर पालिका परिसर में गुरुवार को महात्मा गांधी की जयंती पर रामधुन के साथ छांयाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।साथ ही न.पा.क. के सफाई मित्रो को सम्मानित किया गया।

नगर पालिका कपासन के अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि गुरुवार को नगर पालिका परिसर में महात्मा गांधी के छायाचित्र पर रामधुन के साथ पुष्प एवं माला अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। उल्लेखनीय है कि गांधी जयंती पर मगर पालिका कपासन में सफाई मित्रों को सम्मानित किया गया।साथ ही जीएसएस अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका कपासन पार्षद नंदकिशोर टेलर द्वारा गांधी के प्रेरणादायी जीवन पर विचार व्यक्त करते हुवे नगर कपासन को स्वच्छ रखने का संदेश दिया तथा क्षेत्रीय आमजन से स्वच्छता में सहयोग की अपील की गयी।

इस अवसर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, नपाक कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह गुर्जर,नपा स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली,वरिष्ठ सहायक रामप्रसाद गायरी,गोपाल सुथार,नपा स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली,कनिष्ठ सहायक सचिन सोनवाल, प्रकाशचंद्र शर्मा,नंदलाल मेनारिया,युवा मोर्चा के मनीष बारेगामा,सहायक कार्मिक शकील मोहम्मद,शांतिलाल खटीक,जमादार मुकेश कोदली,रोहित पंचोली, एसबीएम एमआईएस रिया गर्ग,प्रियंका गर्ग,प्राची डिडवानिया,कंप्यूटर ऑपरेटर राजकुमार खटीक, ललित पंवार आदि नगर पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

## महात्मा गांधी की जयंती पर नपा कपासन में सफाई मित्रों को किया सम्मानित



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती को गांधी वाटिका परिसर में स्थित गांधी की प्रतिमा पर पुष्प माला के साथ गांधी अमर रहे शास्त्री अमर रहे के नारों के साथ मनाया गया।

गांधी दर्शन जिला युवा संयोजक दिलीप जैन ने बताया कि 2 अक्टू. 2025 को नगर पालिका कपासन के मुख्य मार्ग स्थित गांधी वाटिका में महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री शास्त्री एवं गांधी को पुष्प माला के साथ श्रद्धासुमन अर्पित किये गये।साथ ही वक्ताओं द्वारा कार्यकर्ताओं से महापुरुषों के पदचिन्हों पर चलकर देश एवं समाज की सेवा करने हेतु प्रेरित किया गया।इस अवसर पर ब्लॉक संयोजक शंकरलाल प्रजापत, राशमी ब्लॉक संयोजक अधिवक्ता गोवर्धन सिंह गिलुण्डिया,पूर्व नगर अध्यक्ष हिमांशु बारेगामा,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद गुर्जर,भूपालसागर ब्लॉक सहसंयोजक सैयद फिरोज अली,पूर्व पार्षद हरलाल बेरवा,कांग्रेस महासचिव हरिशंकर,रोशनलाल गांधी,

रमेश कुमार गर्ग,कैलाश चंदेल,दिनेश गुर्जर,सोनू सरदार,मोहनलाल रेगर,राजेश आचार्य,मुबारक हुसैन, अर्जुन रावत सहित महात्मा गांधी जीवन दर्शन समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## गांधी एंव शास्त्री को किये श्रद्धासुमन अर्पित

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** नगर कांग्रेस कमेटी नैनवां की ओर से राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जयंती को अंतर्राष्ट्रीय अंहिसा दिवस के तौर पर मनाया गया। वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादूर शास्त्री की जयंती कांग्रेसजनो ने गढ़चैक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यपण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत भूषण गौतम ने बताया कि विचार गोष्टी में वक्ताओ ने गांधी व शास्त्री की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शो पर चलने की अपील की गई। इस दौरान नगर अध्यक्ष भारत भूषण गौतम,प्रमुख कांग्रेसजनो में आबिद हुसैन, ईनायत हुसैन, किशन बिहारी, राजेश कुमार ठाकौर, सुनिल मारवाड़ा, गणेश कोड़ा,हरिमोहन सोनी,नारायण सिंह सोलंकी,मोहम्मद सलीम,मनोज वर्मा,मुनव्वर अली सहित कई कांग्रेसजन मौजूद रहे। शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ तथा राजस्थान पेंशनर्स मंच नैनवा के पदाधिकारी द्वारा महात्मा गांधी की प्रतिमा को माला बनाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं शांति एवं अहिंसा प्रकोष्ठ के ब्लॉक संयोजक तथा पेंशनर्स मंच के ब्लॉक अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी,जिला उपाध्यक्ष इसाक मोहम्मद पठान, प्रांतीय कार्यकारी सदस्य शिवदत्त सोनी, साहित्यक एवं संस्कृति मंत्री हाजी सत्तार अली,हाजी सूफी शराफत अली, विशिष्ट सदस्य रामसागर पहाडिया, पहेलवान ने गांधी की प्रतिमा पर माल्यर्पण किया।

## भाजपा ने गांधी एवं शास्त्री जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर चलाया स्वच्छता अभियान

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयन्ती पर जिला संगठन द्वारा पुष्पांजलि, संगोष्ठी एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की अध्यक्षता एवं स्वच्छता अभियान संयोजक मुकेश शर्मा देबू, शास्त्री मंडल अध्यक्ष रमेश खोईवाल, पार्षद उदयलाल तेली, पूर्व सभापति एवं जिला उपाध्यक्ष मंजू चेचाणी की उपस्थिति मे कोटा रोड स्थित बड़लेश्वर महादेव मन्दिर प्रांगण में आयोजित किया गया। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने इस अवसर पर पुष्पांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि अहिंसा के प्रतीक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर उनकी दी हुई शिक्षा, आदर्श एवं सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात् करने का प्रण लें। वहीं सादगी, सरलता और शुचिता के प्रतीक, भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं 'भारत रत्न' से अलंकृत लाल बहादुर शास्त्री की सत्यनिष्ठा, अडिग ईमानदारी, अटल संकल्प शक्ति और असीम देशप्रेम प्रत्येक भारतीय के लिए अनुकरणीय है। प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष रमेश खोईवाल ने सभी का स्वागत किया।

**भगवान राम, लक्ष्मण,हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली**

# रंगबिरंगी आतिशबाजी के बीच लंकापति रावण का दहन

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला (आबिद हुसैन)।** झालावाड़ जिले के चौमहला में रंगबिरंगी आतिशबाजी के बीच लंकापतिरावण का दहन हुवा। इस दौरान गंगधार, चौमहला सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों के हजारों लोगों की भीड़ जमा हुई जिनमे भारी उत्साह देखा गया। कस्बे में रावण दहन पर रावण दहन करने से पहले सेकडो श्रदालो ने किया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ।

इस दौरान सामूहिक हनुमान चालीसवा पाठ समिति सहित हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। दशहरा महोत्सव के आरम्भ में सत्यनारायण मंदिर से भगवान राम, लक्ष्मण जी, हनुमान जी की शोभायात्रा निकाली जो प्रमुख मार्गों से होती हुई दशहरा मैदान पहुंची।जंहा ग्राम पंचायत द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, मौके पर ही विजयी प्रत्याक्षियों को पुरुस्कार दिए गए इसके पश्चात पंचायत कर्मियों द्वारा आतिशबाजी की गई फिर 6:45 बजे भगवान राम ने तीर चलकर रावण का वध किया, इसबार पंचायत द्वारा 45 फिट के रावण का निर्माण करवाया गया था जो मात्र 45 सेकंड में धराशाई हो गया। दहन के पश्चात नागरिको ने एक दूसरे को गले मिलकर, व पाव छूकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उमड़ी भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस को






काफी मशक्कत करनी पडी।गंगधार पुलिस का पूरा जाप्ता जुटा रहा।

### क्यो किया जाता है, हर साल रावण दहन

असत्य पर सत्य की अधर्म पर धर्म की अन्याय पर न्याय विजय की की खुशी में विजयादशमी (दशहरा) पर्व मनाने की परम्परा चली आ रही, इसके बारे में कई अलग अलग मत है जानकारी के अनुसार रावण भगवान शिव का बड़ा भक्त था परन्तु माँ पार्वती ने रावण को वंशनाश का श्राप दिया था। इसलिए वह शिवजी को लंका में स्थापित करना चाहता था।सीता माता को रावण ने हरण कर अशोक वाटिका में बंदी बना लिया था इसलिए राम जी ने रावण का वध किया था।

शिवजी की कृपा के कारण रावण के मरते ही उसके प्राण नीलकंठ पक्षी का रूप धारण कर शिवमय हो गए थे। उसके शरीर मे अमृत कुंड होने की वजह से उसका शव जला नही था। इसलिए प्रतीक रूप में हर वर्ष रावण दहन किया जाता है।

दशहरे पर नीलकंठ पक्षी के दर्शन मात्र से कल्याण हो जाता है सभी दुखो क्लेश संकटों का निवारण हो जाता है एवं पूरे वर्ष जीवन मे सुख समृद्धि और खुशहाली बनी रहती।

## बूंदी में प्रथमाचार्य शांति सागर महाराज के आचार्य पद प्रतिष्ठापन शताब्दी वर्ष का भव्य समापन समारोह



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जैन समाज के परम पूज्य चारित्र चक्रवर्ती प्रथमाचार्य श्री 108 शांति सागर महामुनिराज के आचार्य पद प्रतिष्ठापन शताब्दी वर्ष का समापन समारोह बूंदी में अत्यंत धूमधाम और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया जा रहा है। बघेरवाल छात्रावास के शांतिसागर सभा मंडपम् में 3 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक पांच दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला होगी।

यह आयोजन संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज, वात्सल्य वारिधि आचार्य श्री 108 वर्धमान सागर महाराज, और मासोपवासी समाधि सम्राट आचार्य 108 सुमति सागर महाराज के आशीष तथा मुनिश्री 108 वैराग्य सागर महाराज व मुनिश्री 108 सुप्रभ सागर महाराज के सानिध्य में हो रहा है।

श्री दिगम्बर जैन समाज देवपुरा इस 'श्री शांतिसिंधु प्रभावना वर्षा योग' के नेतृत्व व सहयोग का कार्यभार संभाल रहा है। चातुर्मास व्यवस्था समिति के मंत्री दिनेश बोरखण्डिया ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 8 बजे मंगलाचरण, चित्र अनावरण और दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। प्रत्येक दिन प्रथमाचार्य शांति सागर महाराज की संगीतमय पूजन होगी और वक्तागण आचार्यश्री के गृहस्थ जीवन, वंश परम्परा और वृत्ति जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे।

## सत्य की विजय का संदेश लेकर निकली भव्य भगवा रैली, शस्त्र पूजन व रावण दहन से गूंजा ब्यावर

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर विजयदशमी पर्व के पावन अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल एवं राष्ट्रीय महिला परिषद के तत्वावधान में नगर में भव्य भगवा वाहन रैली, शस्त्र पूजन एवं रावण दहन का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास व अनुशासनपूर्वक संपन्न हुआ।रैली का शुभारंभ अजमेर रोड से प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति ने जय श्रीराम के उद्घोष के साथ किया।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुमावत व विभाग उपाध्यक्ष मुकेश सोनी ने परंपरागत रूप से तलवार, सफा, भगवा दुपट्टा एवं माल्यार्पण कर प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। रैली संयोजक रावत तरुण सिंह थे।रैली में सैकड़ों महिला-पुरुष एवं युवाओं ने भगवा ध्वज हाथों में लिए जय श्रीराम, भारत माता की जय, वंदे मातरम्, धर्म की जय हो जैसे ऊर्जावान नारों से वातावरण को गूँजा दिया। आकर्षण का मुख्य



केंद्र भगवान श्रीराम दरबार की सजीव झांकी रही, जिसे देखकर नगरवासी भावविभोर हो उठे।रैली का समापन सेंदड़ा रोड स्थित टेकरी हनुमान मंदिर पर हुआ, जहाँ मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि विजयदशमी हमें यह संदेश देती है कि सत्य की सदैव विजय होती है। धर्म की रक्षा के लिए हमें शस्त्र और शास्त्र दोनों का सृजन करना होगा। उन्होंने देश में गैर हिन्दू समाज की बढ़ती जनसंख्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को देश के लिए खतरा बताते हुए उन्हें बाहर निकालने की आवश्यकता पर बल दिया।इस अवसर पर नारी शक्ति व युवा शक्ति को शस्त्र पूजन कर धर्म एवं राष्ट्र रक्षा का संकल्प दिलाया गया। तत्पश्चात रावण रूपी पुतलों का दहन किया गया और आतिशबाजी के बीच विजयदशमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।कार्यक्रम में विभाग उपाध्यक्ष मुकेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष हेमंत कुमावत, जिला उपाध्यक्ष महावीर कुमावत, नगर मंत्री सत्यनारायण बालोदिया, बंटी भाई कुमावत, चांदमल, किशन भाटिया, कपिल जालवाल, ममता गुप्ता, इंदिरा सोनी, शशि शर्मा, सुशील कुमावत, राजधानी, निशा कुमावत, योगेश मेहरा, रंजीत भाटी, पंकज रावत, नरेश मेवाड़ा, मोनू पवार, लक्की मकवाना सहित सैकड़ों कार्यकर्ता एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## रामनवमी पर श्री मद भागवत परिवार ने किया शस्त्र पूजन, राष्ट्र रक्षा का लिया संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** श्री मद भागवत प्रभात फेरी परिवार द्वारा रघुनाथ जी के बड़े मंदिर पर शौर्य दिवस एवं रामनवमी के अवसर पर शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैद मंत्रों के बीच शस्त्रों का पूजन, तिलक व मोली बांधने के साथ उपस्थित सदस्यों ने राष्ट्र रक्षा की शपथ ली। इस दौरान जय श्रीराम के नारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष सदस्य मौजूद रहे।

## स्वच्छता अभियान चलाकर मनाई गांधी जयंती



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** बूंदी में जिला परिवहन कार्यालय में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर कार्यालय के समस्त कार्मिको ने डीटीओ सुश्री सौम्या शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के निर्देश पर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा-2025 के अनर्तगत स्वच्छता ही सेवा है,स्वच्छता ही जीवन है के संकल्प के साथ जिला परिवहन कार्यालय बूँदी परिसर में सफाई अभियान चलाया, इस अभियान में परिवहन निरीक्षक धर्मपाल गुर्जर, सहायक लेखाधिकारी राम सिंह हाड़ा , सूचना सहायक नरेश कुमार नागर, शबाना अंसारी , धनकवर बायर, गुलशन नायक, मोहन भड़ाना , कैलाश मीणा एवं रघुवीर सिंह हाड़ा आदि ने भाग लिया।

**राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और शास्त्री जी की जयंती पर कांग्रेसजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि**

# सत्य और अहिंसा के मार्ग से ही हमें आर्थिक आजादी मिल सकती है- अक्षय त्रिपाठी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, (अमित शर्मा) ।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी भवन में प्रातः 11.15 बजे जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर गांधी जी एवं शास्त्री जी की प्रतिमाओं पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने कहा कि आजादी के आंदोलन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का योगदान अतुलनीय रहा। उन्होंने सत्य और अहिंसा के जिन सिद्धांतों को अपनाया, वे आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। गांधी जी का जीवन हमें सिखाता है कि अन्याय, असमानता और भेदभाव




का मुकाबला केवल सत्य और अहिंसा के मार्ग से ही संभव है। हमें चाहिए कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और समानता पहुँचाने का संकल्प लें। त्रिपाठी ने आगे कहा कि -भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी का 'जय जवान, जय किसान' का नारा आज भी देश की आत्मा को प्रकट करता है। उनका सादा जीवन और उच्च विचार हम सबके लिए प्रेरणा का स्रोत है। गांधी और शास्त्री जी के आदर्शों का पालन ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। दुर्गेश पानेरी ने बताया कि,नगर निगम नेता प्रतिपक्ष धर्मेंद्र पारीक ,पूर्व सभापति मधु जाजू, मंजू पोखरना, कैलाश सेन ,राजेंद्र जैन, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल ,सेवादल जिला अध्यक्ष योगेश सोनी, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रेखा हिरण, लाजपत आचार्य, ईश्वर खोईवाल, ज्ञानमल खटीक ,पार्षद वसीम शेख, अर्चना दुबे, नरेंद्र सिंह गुड्डा, कलीम काजी, प्रकाश पितलिया, अनिल राठी, मोहम्मद रफीक शेख, मोहम्मद हारुन रंगरेज सुनील दत्त शर्मा, एडवोकेट ओमप्रकाश तेली रामेश्वर जाट गोपाल बांगड़, इब्राहिम पठान, एडवोकेट फारूक मंसूरी, मुश्ताक अली मंसूरी, भगत प्रजापत ,दीपमाला लोट, संदीप ट्रेलर, जाकिर खान, लक्ष्मण लोट, भूपेंद्र गोरन, सीपी खटीक, मुकेश खोईवाल, मुकेश गुसर, श्यामलाल पाराशर, गजानंदशर्मा, शांतिलाल धौलपुरिया ,करिश्मा धौलपुरिया ,पूजा मेहरा, फरमान पठान, मोहम्मद इकबाल काजी, अली मंसूरी ,फारूक मोहम्मद मंसूरी, धनराज सिंह पुरावत, सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे। साथ ही भोपाल क्लब के सामने गांधी मार्केट में एवं स्मृति वन में भी गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### ‘अधिकारों के लिए लड़ना बन रहा देशद्रोह’

# दशहरा रैली से केंद्र पर जमकर बरसे उद्धव ने BJP को बताया ‘अमीबा’

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** शिवसेना यूबीटी ने दशहरा के मौके पर विशाल रैली की और इस दौरान महाराष्ट्र के पूर्व सीएम और शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार और बीजेपी पर करारा हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र के पास बिहार में वोट खरीदने के लिए तो पैसा है लेकिन बारिश के चलते तबाह हुए महाराष्ट्र के लिए कोई पैसा नहीं है। उद्धव ठाकरे ने इस दौरान बड़ा बयान देते हुए कहा कि देश में अधिकारों के लिए या न्याय के लिए लड़ना पूरी तरह से अपराध और देशद्रोह बन गया है। इस दौरान उन्होंने आरएसएस चीफ मोहन भागवत पर भी निशाना साधा। उद्धव ठाकरे ने कहा कि क्या आप आरएसएस के 100 साल के प्रयासों से पैदा हुए जहरीले फलों (BJP) से संतुष्ट हैं?



#### उद्धव ठाकरे ने बीजेपी को बताया – अमीबा

महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि मुंबई नगर निगम चुनावों से पहले बीजेपी फिर से हिंदुओं और मुसलमानों के बीच फूट डालने की कोशिश कर रही है। उद्धव ठाकरे ने कहा कि बीजेपी अमीबा की तरह हो गई है; शरीर में प्रवेश करते ही पेट में दर्द होता है और समाज में प्रवेश करते ही शांति भंग होती है। उद्धव ठाकरे ने वार्षिक दशहरा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुंबई में नगर निकाय चुनावों से पहले बीजेपी फिर से हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विभाजन पैदा करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी और सुशासन के बीच कोई संबंध नहीं है।

#### सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी का किया जिक्र

पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की लेह हिंसा के मामले में गिरफ्तारी को लेकर उद्धव ठाकरे ने कहा कि देश में अधिकारों और न्याय के लिए लड़ना देशद्रोह का कार्य बनता जा रहा है। इसके अलावा उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र में बारिश से प्रभावित किसानों के लिए ऋण माफी और 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर सहायता की मांग की।

## सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने योगी सरकार को घेरा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि दलितों के प्रति 15,130 अपराध के मामलों के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। इसके बाद राजस्थान और मध्य प्रदेश का नंबर है।

समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एनसीआरबी के आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा है कि उत्तर प्रदेश में दलितों के खिलाफ अपराध बढ़ गए हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म X पर ग्राफिक्स साझा करते हुए उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने लिखा, “एक आंकड़ा यह भी है। दलितों के प्रति 15,130 अपराध के मामलों के साथ उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है जिसके बाद राजस्थान 8,449 मामलों के साथ दूसरे और 8,232 मामलों के साथ मध्य प्रदेश तीसरे स्थान पर है।’’ अखिलेश ने ग्राफिक्स का शीर्षक दिया है “दलितों पर अपराध में उत्तर प्रदेश नंबर वन।’’ यादव ने आरोप लगाया है कि ये आंकड़े सभी समुदायों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के इस सरकार के दावों को उजागर करते हैं।

## 69वीं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तीसरे दिन लीग चरण समाप्त हुआ

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (हनुमान सिंह बुरानियां)।** रींगस कस्बे की पी एम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल स्टेडियम मे चल रही 69 वी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के तीसरे दिन लीग चरण समाप्त हुआ। प्रतियोगिता संयोजक ने बताया कि लीग चरण मे कुल 8 ग्रुप थे। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष टीम सीकर, हनुमानगढ़, अजमेर, बूंदी, बीकानेर, भीलवाड़ा, जयपुर और अजमेर अकादमी ने सुपर -8 मे जगह बनाई।

कल से सुपर-8 के मुकाबले शुरू होंगे जिनमे सभी टीम 2 ग्रुप मे आपस मे 3-3 मैच खेलेंगी प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल खेलेंगी। प्रतियोगिता मे कुल 37 टीम खेल रही हैं जिनमे से 29 टीम आज वापस लौट रही हैं। सभी ने भामाशाहो द्वारा की गई भोजन, आवास और यातायात व्यवस्था की प्रशंसा की और बेहतर व्यवस्था के लिए आयोजको और भामाशाहों का आभार जताया।

## राजमंदिर में राजस्थानी फिल्म म्हारो श्याम का भव्य प्रदर्शन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजधानी के राज मंदिर सिनेमा हॉल में गुरुवार को राजस्थानी संस्कृति और भक्ति पर आधारित फिल्म म्हारो श्याम का भव्य प्रदर्शन हुआ। इस मौके पर सिनेमा जगत से जुड़े लोगों के साथ कई गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लालचंद कटारिया और राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव सिंह शेखावत ने शिरकत की। इनके अलावा सीईओ मोहम्मद इकबाल खान तथा तारागढ़-अजमेर से मोहम्मद सैयद हफीज अली भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। फिल्म देखने के बाद अतिथियों ने निर्देशक और कलाकारों की सराहना की। उन्होंने इसे राजस्थान की कला और संस्कृति को बढ़ावा देने वाला महत्वपूर्ण प्रयास बताया।

## स्कूबा डाइविंग नहीं, डूबने से गई जुबीन गर्ग की जान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एंजेन्सी)।** सिंगर जुबीन गर्ग की 19 सितंबर 2025 को सिंगापुर में मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के कारण को लेकर कई तरह की बातें सामने आई। अब सिंगापुर के अधिकारियों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि सिंगापुर के सेंट जॉन आइलैंड पर तैरते समय डूबने से हुई, न कि स्कूबा डाइविंग के दौरान हुई।



पीटीआई के अनुसार, जुबीन, भारत-सिंगापुर राजनयिक संबंधों के 60 वर्ष पूरे होने और भारत-आसियान पर्यटन वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए सिंगापुर में थे, जो नॉर्थ इंडिया फेस्टिवल का एक हिस्सा था। 19 सितंबर को, गर्ग को बेहोशी की हालत में समुद्र से निकाला गया और सिंगापुर जनरल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसी दिन उनकी दुखद मृत्यु हो गई।

सिंगापुर पुलिस बल (एसपीएफ) ने पुष्टि की है कि उनकी तरफ से जुबीन की पोस्टमार्टम रिपोर्ट भारतीय उच्चायोग को सौंप दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मौत का कारण डूबना था और इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी का संकेत नहीं है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि उन्हें हत्या या किसी हिंसक आपराधिक कृत्य का संदेह नहीं है। LIMN लॉ कॉर्पोरेशन के एसोसिएट डायरेक्टर और कानूनी विशेषज्ञ एनजी काई लिंग ने द स्ट्रेट्स टाइम्स को बताया कि गर्ग के डूबने के कारणों को बेहतर ढंग से समझने के लिए अभी भी एक कोरोनर की जांच की जा सकती है। आपको बता दें कि जुबीन गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गेनाइजर श्यामकानु महंत को असम पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है और उन पर हत्या, गैर इरादतन हत्या और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं। दोनों को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेजा गया है।

जुबीन गर्ग की पत्नी गरिमा गर्ग ने अपने पति की मौत को लेकर कई सवाल उठाए हैं और उन्होंने अपने पति के मैनेजर पर लापरवाही का आरोप लगाया है। गरिमा गर्ग ने कहा कि उनके पति की मौत के लिए जो भी जिम्मेदार है, उन्हें सजा मिलनी चाहिए।

## प्रवक्ता डॉ रामकरण यादव, गिरधारीलाल गुरूजी भारत शिरोमणी लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड स्वर्ण पदक से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** शिक्षा के साथ साथ समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण अभियान व अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रमों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रवक्ता डॉ रामकरण यादव अवार्डी प्राध्यापक व गिरधारीलाल गुरूजी को गांधी जयंती के पावन अवसर पर शेखावाटी इतिहास कला शोध संस्कृति संस्थान शिमला राजस्थान में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के डायरेक्टर डॉ रामानंद शर्मा ने प्रशस्ति पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। पूर्व में भी डॉ रामकरण यादव अवार्डी प्राध्यापक को गांधी पीस



फाउंडेशन नेपाल ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि देकर सम्मानित किया था। तथा दो जनवरी को ग्राम शिमला में आयोजित टी सी प्रकाश स्मृति सम्मान समारोह में टी सी प्रकाश शेखावाटी गौरव अवार्ड 2025 से भी नवाजा गया था। आपको सरकारी सेवा, समाज सेवा, गो सेवा, पर्यावरण के क्षेत्र में अनेक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया है। आप बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रमों, बालिका शिक्षा व प्रोत्साहन , प्रतिभा सम्मान आदि में योगदान देते रहते हैं। भैरूंराम हुल्डा सरपंच, किशनलाल गुरूजी व प्रकाश यादव को भी उक्त अवार्ड मिलने पर सर्व समाज के लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, “Pratiksha”, Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

## गांधी जयंती पर एलिट फाउंडेशन में स्वच्छता अभियान का आयोजन, युवाओं ने दिया स्वच्छ भारत का संदेश

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर एलिट फाउंडेशन की ओर से स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत युवाओं ने बापू के विचारों को याद करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया और आसपास की गलियों की साफ-सफाई कर स्वच्छ भारत, सुंदर भारत का संकल्प लिया।

फाउंडेशन के सीईओ भीम सिंह सैनी ने कहा कि महात्मा गांधी का सपना था स्वच्छता एक आदत नहीं, जिम्मेदारी है। हमें अपने घर, मोहल्ले और कार्यस्थल को स्वच्छ रखकर समाज में स्वच्छता का उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस अभियान को जन आंदोलन के रूप में अपनाएं, ताकि हम सब मिलकर एक स्वच्छ और स्वस्थ भारत का निर्माण कर सकें।कार्यक्रम में फाउंडेशन के स्टाफ, स्वयंसेवक और छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। सभी ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे स्वच्छता को अपने जीवन का हिस्सा बनाएंगे।

## बारिश से किसानों को होगा आगामी सरसों की बुआई में लाभ

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़(अलवर)।** कस्बे सहित आसपास के इलाकों में दो-तीन दिन से हल्की बूंदाबांदी हो रही है। पिछले कई दिनों से आसमान में घने बादल छाए हुए है। राजगढ़ सहित आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। सुबह करीब 10 बजे हल्की बारिश शुरू हुई, जिससे उमस भरी गर्मी से लोगों को राहत मिली। इस बारिश को आगामी सरसों की बुआई के लिए फायदेमंद माना जा रहा है। आसमान में बादल छाए रहने से वातावरण सुहावना हो गया। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे क्षेत्रवासियों को काफी सुकून मिला।

## किसान तैराकी क्लब के बच्चों ने 69वीं राज्य स्तरीय विद्यालय प्रतियोगिता में भाग लिया

बढ़ता राजस्थान

**रींगस (नि.स.)।** रींगस के वार्ड नंबर 7 ढाणी सामोता वाली में किसान तैराकी क्लब के बच्चों ने 69 वीं राज्य स्तरीय विद्यालय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लिया जो कि यह प्रतियोगिता जोधपुर में चल रही है।

इसमें सीकर जिले की तरफ से अमन सामोता ने 100, 200 मीटर ब्रेस्ट्रोक में प्रथम स्थान प्राप्त किया व लक्की निठारवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, मोहित सामोता ने 50,100 मीटर बैकस्ट्रोक में द्वितीय स्थान प्राप्त



किया और 4&100 मीटर मेडले रिले में सीकर टीम ने प्रथम स्थान पर रही जिसमें अमन सामोता, मोहित सामोता, लक्की निठारवाल व मनोज सामोता ने भाग लिया यह बच्चे खेत में बने होद में तैयारी करते हैं कोच बबलेश कुमार कुमावत ने बताया कि यह बच्चे सुबह शाम दो दो घंटे तैयारी करते हैं पुरी टीम को वार्ड, गांव व जिला कि तरफ़ से बहुत बहुत बधाई।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 “प्रतीक्षा” सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।